.वर्ष 13, अंक 247
गैरसैंण
सोमवार
16 जनवरी 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## नेपाल में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 68 के शव मिले

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर काठमांडू से आ रहा 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अब तक 68 लोगों की जान जा चुकी है। बचाव कार्य जारी है। फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। हादसे की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है। विमान में कुल 10 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें पांच भारत के थे। इनमें से किसी के भी बचने की खबर नहीं है।

हादसे की जानकारी देते हुए यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि यति (ल्मजप) एयरलाइंस के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। इसमें दो बच्चों समेत 15 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना के मद्देनजर नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश और गृह मंत्री रबी लामिछाने विमान हादसे वाली जगह का दौरा कर सकते हैं। दोनों आज ही पोखरा पहुंचेंगे। हादसे के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। हादसे के बाद नेपाल में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि येती एअरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा इस हिमालयी देश में एक मशहूर पर्यटक स्थल है। हवाईअड्डा प्राधिकरण के मुताबिक, विमान में 53 नेपाली, पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई, एक-एक आयरिश, अर्जेंटीना



और फ्रांसीसी नागरिक सवार थे।

नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल और गृह मंत्री रबी लामिछाने की पोखरा यात्रा रद्द कर दी गई है। नेपाल सचिवालय ने इसकी जानकारी दी है।

नेपाल की स्थानीय मीडिया की मानें तो हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। कुछ रिपोर्ट्स में 42 लोगों के शव बरामद किए जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं, कुछ 35 मौतों की सूचना दे रही हैं। हालांकि, एयरलाइंस और सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री पुष्प कल दहल श्प्रचंडश ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे दिए हैं। सेना ने भी मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा ने कहा कि पोखरा में कुछ भारतीयों सहित 72 लोगों और चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से गहरा दुख हुआ। हम मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे विचार और प्रार्थना इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

जानकारी के मुताबिक, विमान पहाड़ी से टकरा गया। लैंडिंग से पहले हुई इस दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। पोखरा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ यात्री विमान ।ज्त-72 यति एयरलाइंस का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में दुर्घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हेलीकप्टर से दुर्घटनास्थल पर एक बचाव दल तैनात किया गया है।

हादसा बेहद भयानक बताया जा रहा है। बचाव और राहत में जुटे लोगों की मानें तो हादसे में किसी के भी बचने की उम्मीद न के बराबर है। सिविल एविएशन अथरिटी ने बताया कि लैंडिंग से ठीक पहले विमान में आग की लपटें देखी गईं। इसलिए मौसम की खराबी की वजह से दुर्घटना होने की बात कहना ठीक नहीं होगा। भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नेपाल के हादसे पर दुख जताया। उन्होंने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

विमान को कैप्टन कमल केसी और असिस्टेंट कैप्टन अंजू खातीवाड़ा उड़ा रहे थे। नेपाल का विमानन दुर्घटनाओं का एक भयानक रिकर्ड रहा है। इसकी वजह आंशिक रूप से इसके अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां हैं।

पोखरा हवाई अड्डे के नवीनीकरण के बाद प्रधानमंत्री ने एक जनवरी को ही इसका उद्झााटन किया था। हवाईअड्डे को चीन की मदद से तैयार किया गया था। बताया जा रहा है कि जो विमान हादसे का शिकार हुआ है, उद्घाटन के वक्त उसी विमान का डेमो फ्लाई किया गया था।

इससे पहले पिछले साल मई के महीने में खराब मौसम की वजह से पहाड़ी मस्तंग जिले में तारा एयर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में 22 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया था कि खराब मौसम की वजह से विमान बाएं के बजाए दाएं मुड़ गया था। इससे विमान पहाड़ों से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सौंग नदी में नहाते समय बहा यूपी का युवक

**ऋषिकेश।** छिद्दरवाला ग्रामसभा में चार दोस्तों के साथ सौंग नदी में नहाने के लिए पहुंचा यूपी का एक युवक संदिग्ध परिस्थितयों में बह गया। साथियों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर सर्च अपरेशन चलाया, लेकिन युवक का देर शाम तक कोई सुराग नहीं लग सका था। रायवाला पुलिस के मुताबिक रविवार को दिन में करीब तीन बजे आफताब (19) पुत्र गुड्डू, निवासी ग्राम सांडी, तहसील कथना, हरदोई, यूपी चार दोस्तों के साथ छिद्दरवाला स्थित ओनेस्वर मंदिर के पास सौंग नदी में नहाने के लिए पहुंचा था। अचानक वह नदी के तेज प्रवाह की चपेट में आकर बह गया। साथियों ने आसपास के लोगों की मदद से सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने आफताब की तलाश में नदी में रेस्क्यू अपरेशन शुरू किया, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। अंधेरा होने की वजह से सर्च अपरेशन को रोकना पड़ा। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि आफताब लालतप्पड़ में किसी कंपनी में काम करता है। साथियों से भी उसके बहने को लेकर पूछताछ की जा रही है। सोमवार को फिर से सौंग में उसकी तलाश की जाएगी।

## तारतम्य स्थापित करने का अद्भुत आयोजन है मकर संक्रांति - सीएम योगी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति का पर्व जगतपिता सूर्य की उपासना, प्रति की पूजा करने व उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का अद्भुत आयोजन है। सीएम योगी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व पूरे देश के अंदर अलग-अलग नामों और रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर लाखों की संख्या में कल्पवासी प्रयागराज में एक महीने तक प्रवास करते हैं, साधना और अनुष्ठान के कार्यक्रम के साथ जुड़ते हैं। मकर संक्रांति का स्नान प्रयागराज और अन्य तीर्थों में पूरे उत्साह व उमंग से प्रारंभ हो चुका है तो गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शिवावतार भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने आए हुए हैं। जगतपिता सूर्य से प्रदेशवासियों के शुभ व मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्व पर सूर्यदेव का उत्तरायण होना हर प्रकार के सुख और मांगलिक कार्यक्रमों के लिएन प्रशस्ति तिथि मानी गई है। आज से मांगलिक कार्य भी प्रारम्भ होंगे।

## राज्य सरकार देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाने जा रही है: सीएम

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत में मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाने जा रही है। कैबिनेट में इस पर निर्णय लिया जा चुका है। इस कानून में अपराधियों को आजीवन सजा का प्राविधान किया जा रहा है। साथ ही संपत्ति भी जब्त की जाएगी। जो अभ्यर्थी इसमें लिप्त पाए जायेंगे उन्हे 10 साल तक किसी भी परीक्षा में बैठने से अयोग्य कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिस्टम में सुधार कर रहे हैं। परीक्षाओं की धांधली में शामिल लोगों को कानून की गिरफ्त में लाया गया है और उन पर कड़ी कार्रवाई भी की गई है। पहले परीक्षाओं में गड़बड़ियों का पता ही नही लगता था। अगर पता लगता भी था तो कोई कार्यवाही नहीं होती थी। हमने गडबडी करने वालों को जेल भेजा, उनकी सम्पत्तियों को ध्वस्त किया। हमने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया है। किसी प्रकार की धांधली का न केवल पता चल रहा है बल्कि गड़बड़ी करने वालों को अविलंब पकड़ा भी जा रहा है।

## मिडिल क्लास से हूं, इसलिए उनकी परेशानी जानती हूं: वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वह मध्यम वर्ग के दबाव से वाकिफ हैं। उन्होंने यह भी याद किया कि मौजूदा सरकार ने उन पर कोई नया कर (टैक्स) नहीं लगाया है।




सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। उम्मीद है कि सरकार आयकर सीमा बढ़ाएगी और मध्यम वर्ग के करदाताओं के अलावा अन्य लोगों को राहत देगी।

आरएसएस के मुखपत्र पा्चजन्य द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, मैं भी मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखती हूं, इसलिए मैं मध्यम वर्ग की परेशानियों को समझ सकती हूं। मंत्री ने यहां मौजूद श्रोताओं को याद दिलाया कि मौजूदा केंद्र सरकार ने मध्यम वर्ग पर कोई नया कर नहीं लगाया है। उन्होंने हा कि पांच लाख तक की आय आयकर मुक्त है।

उन्होंने कहा, सरकार ने ईज अफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए 27 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क विकसित करने और 100 स्मार्ट सिटी बनाने जैसे कई उपाय किए हैं। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार मध्यम वर्ग के लिए और अधिक कर सकती है, क्योंकि इसकी आबादी बढ़ रही है और अब यह काफी बड़ी हो गई है।

उन्होंने कहा, मैं उनकी (मध्यम वर्ग) समस्याओं को भलीभांति समझती हूं। सरकार ने उनके लिए बहुत कुछ किया है और वह आगे ऐसा करना जारी रखेगी।

ने कहा कि सरकार 2020 से प्रत्येक बजट में पूंजीगत व्यय पर परिव्यय बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए इसे 35 फीसदी से बढ़ाकर 75 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया चंपावत के विकास हेतु कुल 87.28 करोड़ रुपये की 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**देहरादून।** चंपावत जिले के भ्रमण पर पंहुचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चंपावत के विकास हेतु कुल 8728 करोड़ रुपये की 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विधानसभा चम्पावत हेतु 446935 लाख रुपए की 11 योजनाओं का शिलान्यास तथा 258.15 लाख रुपए की 01 योजना का लोकार्पण किया। विधानसभा लोहाघाट हेतु 7794.5 लाख रुपए की कुल 4 योजनाओं का शिलान्यास एवं 3321.13 लाख रुपए की 3 योजनाओं का लोकार्पण किया।

हरेला क्लब टनकपुर द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग मेले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री ने जिले के विकास हेतु विभिन्न घोषणाएं की। जिसमें टनकपुर व बनबसा क्षेत्र के आंतरिक मार्गों का हटमिक्स के द्वारा सुधारीकरण किया जाएगा। राज्य मार्ग संख्या 109 सुखीढांग धुरा रीठासाहिब के ब्रजनगर तालियाबांज प्रभाग पर एवं राज्य प्रभाग संख्या 110 सुखिढांग श्यामलाताल मार्ग पर हटमिक्स के द्वारा रोड का सुधारीकरण किया जाएगा। ललुवापानी बनलेख प्रस्तावित राज्यमार्ग का हटमिक्स के द्वारा सुधारीकरण किया जाएगा तथा ठीक प्रकार से इसका पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा। चम्पावत विधानसभा के आंतरिक सम्पर्क मार्गों का हटमिक्स के द्वारा सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा। टनकपुर गाँधी मैदान में कम्युनिटी हल का निर्माण किया जाएगा।

मेले के शुभारंभ अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तरायणी पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। आज के दिन भगवान सूर्य के उत्तरायण में आने से एक बेहतर शुरूआत होती है। हमारे जीवन में उत्साह एवं शक्ति प्राप्त होती है। इसी उत्साह एवं शक्ति से हम राज्य के विकास में हम आगे बढ़ेंगे।

हरेला क्लब द्वारा लगातार उत्तरायणी कौथिग का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था हमारी संसति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसी प्रकार हरेला पर्व जो हमारे पर्यावरण का प्रतीक है आज पूरे राष्ट्र के वैज्ञानिक व जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों द्वारा इस हरेला पर्व के महत्व को समझा गया है कि यह हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने हमारे योग को अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई है। आज हमारे सभी धार्मिक स्थल विकास की ओर अग्रसर हैं। केदारनाथ, बद्रीनाथ का मास्टर प्लान तैयार कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्वदेश दर्शन में चम्पावत जिले के गोरखनाथ, मां वाराही, मां पूर्णागिरि धाम आदि धार्मिक स्थानों को विकसित करने का प्रस्ताव भारत सरकार में भेजा गया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नमामि गंगे, निर्मल गंगा अभियान सहित अनेक अभियान चल रहे हैं। नमामि गंगे अभियान के अतंर्गत मां शारदा नदी को भी इसमें सम्मिलित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत शारदा नदी में सम्मिलित होने वाले नदी नालों में एसटीपी लगाने का प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।

सीएम ने कहा कि विकास कार्य धन की वजह से नहीं रूकेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के विकास हेतु बेहतर योजनाएं बनाएं। चंपावत को मडल जिला बनाए जाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और सरकार के सभी



विभागों को इस काम में लगाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर को अन्य बड़े शहरों से रेल सुविधा से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क मार्गों को ठीक किया जा रहा है। टकनपुर सितारगंज टू लेन को फोर लेन बनाने को केंद्रीय परिवहन मंत्री से वार्ता की गई है। सीएम ने कहा कि आंधी आए या तूफान नहीं रूकेगा विकास का यह अभियान। यह विकास का रथ अब नहीं रूकेगा। उत्तराखंड राज्य 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा।

उन्होंने कहा कि हल्द्वानी जिस तरह पहाड़ का एक द्वार है उसी तरह टनकपुर भी एक द्वार है। जिसका चहुमुंखी विकास किया जाएगा।

इस अवसर पर हरेला क्लब की महिला विंग ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया व छोलिया दल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा क्लब की महिला सदस्यों के स्टल में जाकर पहाड़ी व्यंजनों का भी स्वाद चखा तथा पुनः सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश गहतोड़ी ने कहा कि शारदा घाट को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है यह मुख्यमंत्री जी की क्षेत्र के विकास के लिए दूरगामी सोच है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री के प्रयासों से टनकपुर में राज्य का नंबर एक बस अड्डा बनने जा रहा है।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## केदारनाथ में माइनस 10 डिग्री तापमान, जमी साढ़े तीन फीट बर्फ, 47 मजदूर लौटे

**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** केदारनाथ में लगभग साढ़े तीन फीट बर्फ जमा हो चुकी है। इस दौरान केदारपुरी में अधिकतम पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस रहा। धाम में बीते बुधवार से बर्फबारी शुरू हो गई थी जिससे पुनर्निर्माण कार्य भी ठप हैं। वहीं, खराब मौसम के कारण धाम से सभी मजदूर सोनप्रयाग लौट आए हैं। अब धाम में पुलिस व आईटीबीपी के जवानों के साथ ही कुछ साधू-संत रह गए हैं।

रविवार को केदारनाथ में सुबह से बादलों के बीच हल्की धूप खिली रही। दिन चढ़ने के साथ यहां मौसम में सुधार हुआ। इस दौरान कार्यदायी संस्था वुड स्टोन कंस्ट्रक्शन कंपनी के शेष 47 मजदूर भी टीम प्रभारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) सोबन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में वापस लौट गए। तीन दिन पूर्व ही कंपनी के 49 मजदूर धाम से लौट आए थे।

टीम प्रभारी बिष्ट ने बताया कि केदारनाथ में पिछले एक सप्ताह से मौसम खराब चल रहा है, जिस कारण पिछले चार दिनों से कई बार रुक-रुककर बर्फबारी हो चुकी है। धाम में बर्फ के



चलते पुनर्निर्माण कार्य ठप हैं।

बीते शनिवार को मजदूरों के द्वारा बर्फ को काटकर आवाजाही के लिए रास्ता बनाया गया था, लेकिन इन हालातों में वहां काम करना मुश्किल है। मौसम में सुधार होने व बर्फ पिघलने पर ही पुनर्निर्माण कार्य फिर से शुरू हो पाएंगे।

उन्होंने बताया कि डीडीएमए सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के मजदूर जनवरी पहले सप्ताह में ही केदारनाथ से नीचे आ गए थे।

## असुरक्षित क्षेत्र में बढ़ीं दरारें,ज़मींदोज हो सकता है पीडब्ल्यूडी का गेस्ट हाउस

**जोशीमठ।** जोशीमठ क्षेत्र में भू-धंसाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार रात को फिर कई जगह भू-धंसाव की घटनाएं सामने आईं। बीते 24 घंटों में 44 और भवनों में दरारें आई हैं। लोक निर्माण विभाग का पांच कमरों का विश्राम गृह पूरी तरह से जर्जर हो गया है। शनिवार रात अचानक दरारें बढ़ने से यहां सो रहे पांच से छह मजदूरों को आनन-फानन दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ा।

विश्राम गृह की दीवारों में लगातार दरारें बढ़ रही हैं, जिससे यह कभी भी जमींदोज हो सकता है। वहीं, बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल के होटल के बैंक्वेटहल में पड़ीं दरारें चौड़ी हो गई हैं। लोनिवि के ईई सुरेंद्र पटवाल ने बताया कि सिंहधार वार्ड व मनोहर बाग में भी कई मकानों में दरारें बढ़ी हैं।

उधर, मनोहर बाग वार्ड के सूरज कपरवाण का कहना है कि खेतों में दरारें लगातार चौड़ी होती जा रही हैं। नगर क्षेत्र में अब तक कुल 826 भवनों में दरारें आ



चुकी हैं। सीबीआरआई की टीम की ओर से रविवार को 17 और भवनों को असुरक्षित घोषित किया गया है। इन घरों में भी लाल रंग का निशान लगा दिया गया है।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि उन्हीं जगहों पर दरारें बढ़ी हैं, जहां पहले थी। किसी नई जगह पर दरारें नहीं आई हैं। असुरक्षित भवनों का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। सीबीआरआई की टीम को एक सप्ताह में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया है।

वहीं, भू-धंसाव से मारवाड़ी में ऊर्जा निगम के 66 केवी (किलोवाट) के सब-स्टेशन को भी खतरा हो गया है। यदि यहां बिजली लाइनें ध्वस्त हो गईं तो पांडुकेश्वर से बदरीनाथ व माणा गांव तक बिजली सप्लाई ठप पड़ जाएगी। साथ ही आईटीबीपी के कैंपों में भी बिजली का संकट गहरा जाएगा। ऊर्जा निगम ने विद्युत सब स्टेशन को शिफ्ट करने के लिए जगह की तलाश शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम के डायरेक्टर एमएल प्रसाद, अधीक्षण अभियंता एसएस कंवर, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना और एसडीओ वीके जैन ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर बिजली लाइनों का जायजा लिया।

वहीं होटल माउंट व्यू और मलारी इन के आसपास की बिजली लाइन को हटाकर नई बिजली लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है जिससे नगर की बिजली सप्लाई सुचारू रह सके। पुलिस थाने के समीप बिजली लाइन पर नया ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है। ऊर्जा निगम के ईई अमित सक्सेना ने बताया कि सुनील वार्ड में खतरे की जद में पहुंचे 100 केवी के दो ट्रांसफार्मर बदल लिए हैं। भू-धंसाव से बिजली के 20 खंभे भी आधे झुक गए थे जिन्हें ठीक कर लिया गया है।

दैनिक जयन्त-कोटद्वार



## पीपीई मोड पर संचालित न हो अस्पताल

**पौड़ी।** गढ़वाल सांसद एवं पूर्व सीएम तीरथ सिंह के बयान पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कोट एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवलकिशोर ने सवाल खड़े किए हैं। नवलकिशोर ने कहा कि इस बयान से साफ जाहिर होता है कि सांसद क्षेत्र की समस्याओं के प्रति कितने गंभीर हैं। कहा कि पौड़ी अस्पताल की बदहाली से जनता परेशान है। पीपीपी मोड में जाने के बाद इस अस्पताल की हालत और भी बदतर हो गई है। कहा कि मंडल मुख्यालय पौड़ी की बदहाली के लिए भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। मंडल मुख्यालय पौड़ी की उपेक्षा भाजपा सरकार पहले से करती आई है और अभी भी कर रही है। उन्होंने गढ़वाल सांसद से जनहित को देखते हुए पौड़ी अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाते हुए पूर्व कि भांति इसका संचालन करने की मांग की है।

# डाडामंडी में लंगूर पट्टी ने जीती गिंदी

## द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत डाडामंडी में आयोजित किया गया मेला

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** मकर संक्रांति के अवसर पर डाडामंडी में आयोजित गेंद मेला धूमधाम से मनाया गया। गिंदी के खेल में लंगूर पट्टी तथा भटपुड़ी के बीच हुई जोर आजमाइश में लंगूर पट्टी के खिलाड़ी करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद गेंद को अपनी सीमा में ले जाने में कामयाब रहे। मेले में लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। रविवार को विकासखंड द्वारीखाल के डाडामंडी में आयोजित गेंद मेले के अवसर पर सुबह गेंद की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ध्वज के साथ भटपुड़ी व लंगूरी की टीमें ध्वज व ढोल के साथ मेला स्थल पर पहुंचे। तीन बजे दोपहर दोनों टीमों के खिलाड़ी गेंद को अपने जीत स्थल तक पहुंचाने के लिए जूझते रहे। इस बीच लंगूरी के खिलाडियों ने गेंद को कब्जे में लेकर जीत स्थल तक पहुंचा दिया। डाडामंडी में आयोजित गेंद मेले में भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मेला देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी पहुंचे हुए थे। देहरादून निवासी सुदर्शन ने बताया कि उनका पैतृग गांव डाडामंडी में ही है। वह प्रत्येक वर्ष डाडामंडी गेंद मेले में पहुंचते है। यह मेला हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है।



डाडामंडी गेंद मेले में जीत के लिए जूझते ग्रामीण।



डाडामंडी गेंद मेले में सजी दुकानें ।

## मनियारस्यूं ने जीती गिंदी, हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुलीः** मां भुवनेश्वरी मंदिर प्रांगण में गेंद मेले मे सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। इस दौरान मनियारस्यूं ने गींदी अपने पाले में लेजाते हुए जीत दर्ज की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के विधायक राजकुमार पोरी, विशिष्ठ अतिथि में दिगमोहन नेगी, ब्लॉक प्रमुख मीणा राणा व द्वारीखाल प्रमुख महेन्द्र राणा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने थडिया व चौफला पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मन मोह लिया। इसके उपरांत मनियारस्यूं व लंगूर पट्टी के मध्य गिंदी प्रतियोगिता हुई। जिसमें मनियास्यूं ने जीत हासिल की।



जीत के बाद गिंदी दिखाते मनियारस्यूं की टीम।

## थल सेना दिवस की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में थल सेना दिवस के उपलक्ष मै एनसीसी अधिकारी द्वारा एन0सी0सी कैडेटों के मध्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया। इस दौरान कैडेटों को थल सेना दिवस की जानकारी दी गई।

थल सेना दिवस के उपलक्ष मै एनसीसी अधिकारी द्वारा एन0सी0सी कैडेटों के मध्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया। जिसमें कैडेटों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें सर्वप्रथम सारजेंट हिमांशु रावत के द्वारा थल सेना दिवस पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद कैडेट सुरजीत और कैडेट प्रतीक्षा के द्वारा अपने विचारों से थल सेना दिवस के बारे में बताया गया। फिर कैडेट प्रिया और समूह के द्वारा देशभक्ति गीत गाया गया जिससे कैडेटों के अन्दर देशभक्ति की भावना एक नए रूप तक पहुंची। फिर कैडेट प्रिया और कैडेट प्रीति के द्वारा सैनिकों के सम्मान के प्रति कविता पाठ किया गया। फिर कैडेट साक्षी और आयुषी के द्वारा देशभक्ति गाने पर डांस कर एक सैनिक के जीवन के बारे में बताया गया। उसके उपरांत ले. डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान जी के द्वारा सभी कैडेटों को थल सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। थल सेना दिवस के उपलक्ष मे अपने विचार से सभी कैडेटों को सेना में जाने के लिए प्रेरित कर बताया गया। कार्यकर्म के दौरान एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, भूतपूर्व कैडेट प्रवेश चौहान, कैडेट विवेक नेगी कैडेट हिमांशु रावत, कैडेट आयुष नेगी, कैडेट कुलदीप, कैडेट करन रावत, कैडेट अखिलेश नेगी, कैडेट विशाल नेगी, कैडेट प्रिया खंतवाल, आदि कैडेट्स मौजूद रहे।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते कैडेट।

## मोटाढांक की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोद्वारः** शहीद मुकेश बिष्ट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन -6 के अंतिम क्वाटर फाइनल मुकाबला सिगड़ी सुपर किंग्स बनाम मोटाढाक क्रिकेट क्लब खेला गया। जिसमें सिगड्डी की टीम ने पहले बल्ले बाजी करते हुए दस ओवरों में 75 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य पीछा करते हुए मोटाढाक ने पांच विकेट शेष रहते सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित करी।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला शिव आर्ट्स बनाम ऑलराउंडर 7 खेला गया जिसमें टॉस जीत ऑलराउंडर 7 ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए शिव आर्ट्स को निर्धारित 10 ओवरों में 65 रनों पर रोका। लक्ष्य का पीछा करते ऑलराउंडर सेवन की टीम ने 7 विकेट शेष रहते सातवें ओवर में लक्ष्य प्राप्ति कर ली। दिन के अंतिम समय सेमीफाइनल मुकाबले में बेला अमी सलून का मुकाबला मोटाढाक क्रिकेट क्लब से हुआ जिसमें टॉस जीत मोटाडाक की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए 73 रनों का लक्ष्य दिया बेला एमी ग्रस्तानगंज की टीम ने 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर या लाभ प्राप्त कर लिया। मुख्य अतिथि की भूमिका घमंडपुर पार्षद श्री कुलदीप रावत जी, श्री नितिन बिष्ट द्वारा निभाई गई। कल फाइनल मुकाबला दोपहर 12:00 बजे से ऑलराउंडर सेवन और बेला एमी सैलून के बीच के बीच मिनी स्टेडियम मोटाढाक में खेला जाएगा।



क्रिकेटी मैच में प्रतिभाग करने पहुंची टीम

## वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण की हुई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत परिवहन विभाग द्वारा पौड़ी में 35 वाहनों की प्रदूषण नियंत्रण की जांच की गई। इस दौरान वाहन चालको को यातायात के नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया।

रविवार को श्रीनगर रोड में कृष्णा प्रदूषण जांच केंद्र पौड़ी में 35 वाहनों स्कूटी, मोटरसाईकिल, टैक्सी, मैक्सी, बस, भार वाहन, प्राइवेट वाहन की प्रदूषण जांच की गई। आरटीओ अनिता चंद ने बताया कि सभी 35 वाहनों के प्रदूषण मानक के अनुरूप पाए गए। इस दौरान सभी वाहन चालकों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई

## सांसद ने डॉक्टरों का अटैचमेंट रद करने के दिए निर्देश

**कोटद्वारः** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा डॉक्टरों का अटैचमेंट की शिकायत पर सांसद ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल अटैचमेंट रद करने के निर्देश दिए। सांसद ने सभी अफसरों को निर्माण इकाइयों को सड़क निर्माण करते समय अनिवार्य रूप से पानी निकासी की व्यवस्था करने, एकेश्वर ब्लाक के नौंगांवखाल-चूनाखाल मोटर मार्ग की जद में आ रहे भवनों की क्षति का आंकलन करने, जनासू मोटर मार्ग में रेलवे के कार्यों से गड्ढों की शिकायत पर सांसद ने रेलवे विभाग को तत्काल मार्ग सुधारीकरण करने के निर्देश दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा पाइप लाइनों की गुणवत्ता, चिनवाड़ी-डांडा, भैरवगढ़ी पंपिंग योजना के पाइप लाइन जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त होने, जयहरीखाल के होटल व्यवसायियों द्वारा मोटी पाइप लाइन बिछाने, ज्वाल्पा नौगांवखाल पंपिंग योजना में टैंकों के निर्माण की शिकायत उठाई गई। जिस पर सांसद ने अफसरो को जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक से पूर्व सांसद ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए पहाड़ी उत्पादों का निरीक्षण भी किया। डीएम डा. आशीष चौहान ने निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, विधायक राजकुमार पोरी, सीडीओ अपूर्वा पांडे, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, एकेश्वर नीरज पांथरी, कल्जीखाल बीना राणा, कोट पूर्णिमा देवी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत आदि शामिल थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने उठाई शहर की समस्याएं, निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** सांसद प्रतिनिधि ने सांसद गढ़वाल से शहर की विभिन्न समस्याओं को जल्द ही हल करने की मांग उठाई है।

सांसद प्रतिनिधि का कहना है कि शहर की विभिन्न समस्याओं से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिनका जल्द निस्तारण किया जाना चाहिए।

सांसद प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह रावत ने सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन देते हुए कहा कि शहर में जल संस्थान की लापरवाही से हजारो लीटर पानी प्रतिदिन लीकेज हो जाता है। लाखों खर्च के बाद भी शहर की पेयजल व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने सांसद से विकास भवन से विकास मार्ग में पानी के टैंक तक का सड़क निर्माण जल्द पूरा करने, धारा रोड से माल रोड को जोड़ने वाले रास्ते को जल्द सुधारने, माल रोड तिराहे पर खराब नाला, स्कबर को ठीक करने, बस स्टैंड में बने नाले का सुधारीकरण करने, माल रोड के बीच में खराब सड़क का जल्द सुधारीकरण करने की मांग की है।

## हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया

**जयन्त प्रतिनिध।**

**कोटद्वार।** अपणि सरकार योजना के तहत कौशल विकास व सेवायोजन विभाग एवं तकनीकी शिक्षा पॉलीटेक्निक संस्थानों के सभी प्रधानाचार्यों को गूगल मीट प्लेटफॉर्म, नवीन सेवाओं के संबंध में हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पौड़ी प्रकाश चौहान द्वारा बताया गया कि हाल ही में तकनीकी शिक्षा निदेशालय एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपक्रम आईटीडीए के संयुक्त समन्वय से प्राविधिक शिक्षा परिषद विभाग की अंक पत्र अथवा प्रमाण पत्र में संशोधन, मूल अंक पत्र अथवा प्रमाण पत्र निर्गत करना, ट्रान्सक्रिप्ट सर्टिफिकेट, ट्रांसफर सर्टिफिकेट निर्गत करना आदि को राज्य सरकार के ई-सर्विसेज पोर्टल पर इंटीग्रेट किया गया है। बताया कि शासन द्वारा विभिन्न विभागों की जन केंद्रित सेवाओं को राज्य सरकार के यूनिफाइड पोर्टल पर समेकित किया जा रहा है।राष्ट्रीय ई गवर्नेंस योजना के तहत राज्य में अपणि सरकार योजना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जन केंद्रित सेवाओं को नागरिकों के डोरस्टेप तक ऑनलाइन उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण में जीआईटीआई पोखड़ा की प्रधानाचार्य शिप्रा थपलियाल, राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, प्रवक्ता आईटी पॉलीटेक्निक श्रीनगर भूपेंद्र राणा, आंचल राणा आदि शामिल थे।

## राज्य आंदोलनकारियों ने निकाली भू-धंसाव प्रभावितों के समर्थन में रैली

देहरादून। जोशीमठ में भू धंसाव की आपदा झेल रहे जोशीमठ वासियों के समर्थन में दून में राज्य आंदोलनकारी मंच के नेतृत्व में तमाम संगठनों ने आवाज बुलंद की और उनकी पीड़ा में भागीदार होने का समर्थन किया। संगठनों का कहना है कि राज्य सरकार जोशीमठ के आपदा पीड़ितों के लिए जो बन पड़े वो करें। सभी संगठन सरकार के साथ हैं। मौके पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन नेगी जगमोहन मेंदीरत्ता आदि मौजूद थे

## कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** पौड़ी के कफल गांव में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा पुराण शुरू हो गई। कथा वाचक पण्डित सुधीर बड़थ्वाल ने संपूर्ण विधि विधान के साथ कथा शुरू की।

मकर संक्रांति पर्व पर कहा कि इसका जिक्र श्रीमद्भागवत एवं देवी पुराण में भी है। शनि महाराज का अपने पिता से वैर भाव था क्योंकि सूर्य देव ने उनकी माता छाया को अपनी दूसरी पत्नी संज्ञा के पुत्र यमराज से भेद-भाव करते देख लिया था। इस बात से नाराज होकर सूर्य देव ने संज्ञा और उनके पुत्र शनि को अपने से अलग कर दिया था। इससे शनि और छाया ने सूर्य देव को कुष्ठ रोग का शाप दे दिया था। पिता सूर्यदेव को कुष्ट रोग से पीड़ित देखकर यमराज काफी दुखी हुए। यमराज ने सूर्यदेव को कुष्ठ रोग से मुक्त करवाने के लिए तपस्या की। लेकिन सूर्य ने क्रोधित होकर शनि महाराज के घर कुंभ जिसे शनि की राशि कहा जाता है उसे जला दिया। इससे शनि और उनकी माता छाया को कष्ठ भोगना पड़ रहा था। यमराज ने अपनी सौतली माता और भाई शनि को कष्ट में देखकर उनके कल्याण के लिए पिता सूर्य को काफी समझाया। तब जाकर सूर्य देव शनि के घर कुंभ में पहुंचे।

## मोटर मार्ग निर्माण कार्य पर रोक लगने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने लालढ़ांग-चिलरखाल मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य में रोक लगने पर रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के आवास पर हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में मोटर मार्ग को लेकर की गई कमजोर पैरवी के कारण यह स्थिति पैदा हुई है।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार ने 2004-05 में वन भूमि पर निर्माण व रोड निर्माण की कानूनी व पर्यावरणीय पेचीदगियों से मुक्ति के लिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड के तहत रोड बिल्डिंग इंटरनेशनल ग्रेड-81 व्यवस्था के अनुरूप आरंभ कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्तासीन होते ही कार्यदायी संस्था को ही बदल दिया और पूर्व में स्वीकृत बजट का दुरुपयोग किया। इस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विचारोपरांत निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। यह सब भाजपा सरकार की जानकारी के अभाव और नियम कानून के विपरीत कार्य करने की नीति का परिणाम है।

## मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे के साथ चोर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को चोरी के सात मोबाइल फोन और एक सीसीटीवी कैमरे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सामान का मूल्य लगभग एक लाख रुपये बताया जा रहा है।

कोतवाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद नगर निवासी जितेंद्र टाक पुत्र हरिकिशन टाक ने 13 जनवरी को कोतवाली में देवी रोड स्थित अपनी मोबाइल की दुकान से 11 जनवरी की रात को अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर 6 मोबाइल फोन चोरी होने की तहरीर दर्ज कराई थी, जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली के पर्यवेक्षण और वरिष्ठ उप निरीक्षक जगमोहन रमोला के नेतृत्व में गठित टीम ने अथक प्रयास कर अभियुक्त वसीम पुत्र मुख्तार, उम्र 25 वर्ष, निवासी दाल मिल गली, कौड़िया को सेल्स टैक्स तिराहा, पीर बाबा गली रोड से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। अभियुक्त से चोरी किया गया एक अतिरिक्त मोबाइल और एक सीसीटीवी कैमरा भी बरामद किया गया।




चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया युवक

## कायस्थ महासभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ



काशीपुर। श्री कायस्थ महासभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

रविवार को कायस्थ सभा भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक आकाश सक्सेना, मेयर उषा चौधरी, भाजपा नेता दीपक बाली, ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप ने महासभा के कार्यों की प्रशंसा की। उसके बाद राधा–कृष्ण बने कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि रामपुर विधायक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपद दिलाई। सभा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यहां अध्यक्ष गौरव सक्सेना, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना, उपाध्यक्ष राकेश सक्सेना, आय व्यय निरीक्षक ज्ञानेंद्र सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य संतोष श्रीवास्तव, राजेंद्र सक्सेना, अशोक सक्सेना, सुशील सक्सेना, अमित सक्सेना, रागिनी सक्सेना, रेखा सक्सेना, हरिओम सक्सेना, विनतेश सक्सेना, रामोतार सक्सेना, कृष्ण अवतार सक्सेना, राकेश सक्सेना रहे।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन पर केस

काशीपुर। दहेज में दो लाख रुपये नहीं लाने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने महिला हेल्पलाइन में काउंसलिंग के बाद आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को कुंडेश्वरी क्षेत्र के जुड़का नंबर दो निवासी सुशीला पुत्री रामदास ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा उसका विवाह 10 साल पहले सचिन पुत्र गुरमुख सिंह निवासी शिवलालपुर डल्लू, कुंडेश्वरी के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि उसका पति सचिन आये दिन घर में लड़ाई झगड़ा करता हैं। शराब पीकर उससे मारपीट करता हैं।

## भोजन माताओं का प्रदर्शन



काशीपुर। भोजन माताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने स्थाई और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की। कहा अगर उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। रविवार को भगत सिंह चौक पर भोजन माताएं प्रगतिशील भोजन माता संगठन के नेतृत्व में एकत्रित हुईं। उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि भोजन माताओं को मात्र तीन हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जिससे भोजन माताओं को अपमानित होना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने भोजन माताओं ने न्यूनतम वेतन लागू, स्थाई करने और भोजन माताओं से कराए जा रहे अतिरिक्त कार्यों को बंद कराने आदि की मांग की। साथ ही मांगों का प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के माध्यम से भेजा। यहां शोभा, आरती, रेखा, मंजू, कमलेश, बीना, मुन्नी, संगीता, आशा, मंजू देवी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने कूड़ेदान लगाने की मांग उठाई

पिथौरागढ़। नगर के शिव मंदिर में व्यापारी और जिला पंचायत के अधिकारियों के बीच बैठक हुई।

शनिवार को आयोजित बैठक में व्यापारियों ने क्षेत्र में गंदगी को लेकर नाराजगी जताते हुए जिपं से क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने और कूड़ेदान लगाने की मांग की। कहा क्षेत्र में गंदगी के कारण स्थानीय लोग तो परेशान हैं ही साथ ही मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। यहां जिपं के जेई अनिल चन्द्र जोशी, टैक्स इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह चुफाल, कुंदन कुमार, अनिल पन्त, थानाध्यक्ष योगेश कुमार, व्यापार मंण्डल अध्यक्ष बब्लू सामंत, गौरी वर्मा, मदन मोहन उपाध्याय, महेश जोशी, चन्दन सत्याल, राजा सत्याल, सुनील सत्याल, दीपक भैसोड़ा, मन अल्मिया, गोविंद भट्ट, हरिशंकर भट्ट, दिनेश भट्ट, गणेश भट्ट, मथुरा दत्त, भाष्कर भट्ट मौजूद रहे।

## 11 फरवरी को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

पिथौरागढ़। सीमांत में जिला न्यायालय और इसके अधीनस्थ न्यायालयों में आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीनियर सिविल जज विभा यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फौजदारी के शमनीय मामलें, एनआई एक्ट, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, श्रमिक क्षतिपूर्ति, वैवाहिक सहित दीवानी मामलों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

## 302 बच्चों ने दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा

अल्मोड़ा। रुद्रेश्वर महादेव मंदिर समिति सनणा में कक्षा 5, 8,10 और 12वीं के बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जिसमें 25 विद्यालयों के 302 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व मंदिर समिति के पूर्व संरक्षक दिवंगत केडी अकोलिया को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मंदिर समिति वर्ष 2004 से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है।

## हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों में जुटे कांग्रेसी



अल्मोड़ा। हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को नगर के स्प्रिंगफील्ड स्थित कैंप कार्यालय में होगी।

इससे पूर्व कार्यकर्ताओं की रविवार को यात्रा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की। गांधी पार्क में जिलाध्यक्ष महेश आर्या की अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने यात्रा के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। अवगत कराया कि यात्रा के संबंध में सोमवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से कैंप कार्यालय स्प्रिंगफील्ड में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हेमंत बगड़वाल भी मौजूद रहेंगे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रस्तावित बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई। संचालन नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने किया। यहां ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, हेमंत रौतेला, बसंत नेगी, हेमंत बिष्ट, कुलदीप कुमार, हिमांशु नैनवाल, पंकज गुरुरानी, त्रिलोक आर्या, सोनू सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## मकर सक्रांति पर हुआ जगह जगह भंडारे का आयोजन



चम्पावत। बनबसा –रविवार को धूमधाम से मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें राहगीरों को श्रद्धाभाव के साथ खिचड़ी खिलाई गई। रोडवेज बस स्टैंड के पास पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमला सजवान के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में नेपाल के नागरिकों ने भी श्रद्धाभाव के साथ खिचड़ी का आनंद लिया,इस अवसर पर उमेश भट्ट, धर्मेंद्र, विनोद, प्रकाश बम, जगदीश चंद, विक्रम,वीर पाल आदि ने सहयोग किया।

## सालम क्लब का राम सिंह धौनी क्रिकेट ट्राफी पर कब्जा

अल्मोड़ा। स्व. राम सिंह धौनी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। फाइनल में सालम स्पोर्ट्स क्लब ने मुक्तेश्वर स्पोर्ट्स क्लब को परास्त कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। सर्वोदय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सालम की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट खोकर 143 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में मुक्तेश्वर की टीम 109 बनाकर ऑल आउट हो गई। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सिरीज का खिताब सुरेंद्र सिंह बोरा को दिया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह मेहरा ने विजेता और उपविजेता टीमों को नगद धनराशि और ट्राफी देकर सम्मानित किया। यहां विक्रम सिंह, हरीश बहुगुणा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम नारायण पांडे, पूर्व प्रधान राजेंद्र जोशी, रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह धानक, कुंदन बिष्ट, केदार सिंह बोरा, हरीश सिंह नेगी, ललित मोहन भट्ट समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सेना दिवस कार्यक्रम धूम–धाम से मनाया



अल्मोड़ा। पूर्व सैनिक संगठन भिकियासैंण की ओर से सेना दिवस कार्यक्रम धूम–धाम से मनाया गया। शुभारंभ आर्मी बैंड के आकर्षक डिसप्ले के साथ हुआ। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने आंचलिक परिधानों में सज–धजकर कुमांऊनी, गढ़वाली और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रानीखेत डॉ. प्रमोद नैनवाल ने सैनिक विश्राम गृह निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है।रविवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भिकियासैंण के मैदान में आयोजित सेना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नैनवाल ने देश के वीर सैनिकों को याद करते हुए कहा सेना के पराक्रम के कारण ही देश सुरक्षित है। सेना को अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस करने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने पहली बार क्षेत्र में सेना दिवस के कार्यक्रम करने के लिए पूर्व सैनिक संगठन काधन्यवाद किया। इस मौके पर 19 कुमांऊ रेजीमेंट रानीखेत का बैंड डिसप्ले और चौखुटिया के छोलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहा। यहां सल्ट विधायक प्रतिनिधि अंजू जीना, ब्लाक प्रमुख चित्रा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी योगेंद्र कुमार, उपप्रबंधक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड हल्द्वानी पुष्कर भंडारी, एसडीएम गौरव पांडे, नायब तहसीलदार दीवान गिरी, राजे सिह बिष्ट, हिम्मत सिंह, गणेश रावत, आनंद कड़ाकोटी, पनीराम, रमेश खनायत, राजेंद्र सिंह नेगी, बचे सिंह अमेरा, मंगल सिंह, बलवंत सिंह, सुरेश लखचौरा, शेर सिंह, गोपाल उप्रेती,तारादत्त शर्मा, महिपाल सिंह, लाल सिंह, महेंद्र सिंह, पुष्पा देवी, महेंद्र सिंह, खुशाल नेगी आदि मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन सचेत, जागरुकता से रुकेंगे सड़क हादसें : डीएम युगल किशोर पंत



सितारगंजःसड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में पहुंचे डीएम ने सुरक्षित यातायात के निमयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को सचेत, जागरुक व यातायात नियमों की पालना कराने से रोका जा सकता है। आमजन से डीएम ने यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने की अपील की। पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराया था। इसमें डीएम युगल किशोर पंत ने प्रतिभाग किया। डीएम ने कहा कि मानवीय लापरवाही के कारण सड़क दुघर्टनाएं अभिशाप की भांति सामने आ रही है। उन्होंने समस्त वाहन चालकों से आंखों के नियमित चेकअप, फिटनेश पर ध्यान देने की अपील की। कहा कि यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तेज गति, अधिक भार, नशे में वाहन चलाना, माल वाहकों में सवारी ढोना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग आदि सड़क हादसों का मूल कारण है। डीएम ने अभिभावकों से अपील की नाबालिगों को बाइक न दे।

## विधायक ने उपजिला चिकित्सालय और न्यायिक बंदी गृह में कंबल बांटे

चम्पावत। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट का निरीक्षण कर समस्याओं को जाना। इस दौरान विधायक ने उपजिला चिकित्सालय और न्यायिक बंदी गृह में गर्म कंबल वितरित किए।रविवार को विधायक अधिकारी ने उपजिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से समस्याओं को पूछा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जुनैद कमर को मरीजों को बेहतर सुविधा देने और उनके रखरखाव पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

विधायक ने अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ के लिए और हड्डी रोग विशेषज्ञ के लिए आवश्यक उपकरण जल्द मुहैय्या करवाने का आश्वासन दिया।

## मखबारा में पॉली हाउस का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



सितारगंजः पॉली हाउस का डीएम, सीडीओ ने अफसरों के साथ निरीक्षण किया। डीएम ने पॉली हाउस में ब्लू बेरी के उत्पादन से जुड़ी जानकारी व सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान कनेक्ट एग्रो लिमिटेड कंपनी के मैनेजर महेंद्र प्रताप ने बताया कि लगभग 90 एकड़ में पॉली हाउस निर्माण की योजना है। 9 एकड़ में पॉली हाउस का निर्माण किया जा चुका है। ब्लूबेरी उत्पादन के लिए फ्रांस से बेबी प्लांट मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि 45 एकड़ में टनल टाइम अंडर प्रोसेस है। इस मौके पर सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम तुषार सैनी, सीनियर एग्रोनामिस्ट धरमवीर, राहुल मौजूद रहे।

## पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया

सितारगंज,। ग्राम बरुआबाग में पुलिस कर्मियों पर पालतू कुत्ते छोड़कर मारपीट करने व आरोपियों को छुड़ा ले जाने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य फरार नामजदों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

रविवार को कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि सुरेंद्र सिंह निवासी बरुआबाग, रीना देवी निवासी सम्पूर्णानगर यूपी हाल निवासी बरुआबाग, कालो कौर, अनीता दयाल निवासी बरुआबाग को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार शाम सिडकुल पुलिस चौकी में तैनात दो पुलिस कर्मियों ने ग्राम बरुआबाग में चरस के साथ मोटरसाइकिल पर सवार इंद्रराम उर्फ राजा और रवि उर्फ बिंदरी को हिरासत में लिया था। युवकों ने शोरगुल मचाकर पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आवाज सुनकर आरोपियों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। लाठी–डंडों से लैस परिजनों ने घर में बंधे पालतू कुत्ते को खोल दिया। पालतू कुत्ते ने एक पुलिसकर्मी को काटकर घायल कर दिया था, जबकि दूसरा पुलिसकर्मी भी हाथापाई में चोटिल हो गया। परिजन आरोपियों को छुड़ाकर ले गए थे। रविवार को पुलिस अफसरों ने बताया कि पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट, गाली–गलौज, जान से मारने की धमकी देना, पकड़े गए आरोपियों को छुड़ाकर ले जाना दुस्साहस है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जल्द ही फरार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

अल्मोड़ा। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की धरपकड़ तेज कर दी है। चौखुटिया पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान द्वाराहाट रोड पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास स्कूटी सवार प्रेम सिंह कन्याल पुत्र स्व. नारायण सिंह कन्याल, निवासी ग्राम बगडी, चौखुटिया को रोका गया।

## बेरोजगार युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

पिथौरागढ़। पटवारी–लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने पर बेरोजगार युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने पेपर लीक को सरकार की नाकामी बताते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग की। नगर के शहीद चौक में बीते रोज देर शाम व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व में बेरोजगार युवा एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने पेपर लीक होने पर विरोध–प्रदर्शन कर कैंडल मार्च निकाला। शहीद चौक से शुरू होकर कैंडल मार्च बाजार के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापस शहीद चौक पहुंची। यहां बेरोजगार युवाओं ने सभा कर कहा कि उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लगातार भर्ती परीक्षाओं में धांधली होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

## जायडस फैक्ट्री की अवैध बंदी के खिलाफ पालिकाध्यक्ष ने श्रमिकों के साथ रखा उपवास



सितारगंज। गैर कानूनी रुप से बंद की गई जायडस फैक्ट्री को खोलने की मांग को लेकर श्रमिकों के साथ चेयरमैन हरीश दुबे ने एक दिवसीय उपवास रखा। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि 212 दिनों से श्रमिक फैक्ट्री को खुलवाने की मांग कर रहे है। लेकिन उनकी जायज मांग पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस कारण 1200 श्रमिकों के बीवी–बच्चे आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे है।

जायडस वैलनेस इम्पलाइज यूनियन के श्रमिकों ने रविवार को महाराणा प्रताप चौराहे पर उपवास रख सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। श्रमिकों के समर्थन में चेयरमैन हरीश दुबे कूद गए है। उन्होंने भी उपवास किया। यहां हुई सभा में आरोप लगाया कि 30 नवम्बर के आदेश में जिम्मेदार विभाग ने फैक्ट्री की बंदी को पूर्णतया अवैध घोषित कर दिया है। लेकिन प्रदेश सरकार अवैध बंदी को खुलवा नही पा रही है। इस वजह से श्रमिकों के हितों का दमन हो रहा है। चेयरमैन हरीश दुबे ने आरोप लगाया कि सिडकुल में संचालित उद्योग पलायन कर रहे है। सरकार पलायन रोकने के मामले में कोई ठोस कदम नही उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जायडस फैक्ट्री के श्रमिक 212 दिनों से बीवी बच्चों सहित आंदोलन में डटे हुए है। लगातार सरकार से अवैधानिक बंदी को खुलवाने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद श्रमिकों की मांग पूर्ण नहीं कर जा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने भी सरकार से अवैध बंदी खोलने की मांग की। इस मौके पर एक्टु के प्रदेश महामंत्री केके बोरा, अध्यक्ष विकास सती, महामंत्री उमेश गोला, रंजना राणा, चंदन बोरा, अनूप पटवाल, लीलाहार भट्ट मौजूद थे।

# मकर संक्रांति पर विहिप और बजरंग दल ने गंगा पूजन किया



नई टिहरी। मकर संक्रांति पर्व पर विहिप और बजरंग दल ने कोटी कॉलोनी में गंगा पूजन के साथ माता शीतला और माता काली के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन भी किया। पूजा अर्चना के बाद खिचड़ी को प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। रविवार को मकर संक्रांति पर्व पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने कोटी कॉलोनी में झील तट पर गंगा पूजन कर पुरानी टिहरी शहर में जलमग्न हुए माता शीतला और माता काली के पौराणिक मन्दिरों के निर्माण के लिये कोटी कालोनी में भूमि पूजन किया। विहिप जिलाध्यक्ष सुरम तोपवाल ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने पूर्व में शासन प्रशासन एवं टीएचडीसी को ज्ञापन सौंपकर माता शीतला और माता काली के मंदिरों के निर्माण की मांग थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कहा कि शासन प्रशासन और टीएचडीसी की अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने मिलकर मकर संक्रांत पर्व पर कोटी कलोनी स्थित भागीरथी तट पर दोनों देवियों के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया है। जिला मंत्री यशपाल सिंह ने कहा कि जनभावनाओं को देखते हुए शासन प्रशासन और टीएचडीसी को सातवी शताब्दी के पौराणिक माता शीतला और काली के मंदिरों का जल्द निर्माण करवाना चाहिए। बजरंग दल जिला संयोजक विनित उनियाल ने कहा कि भूमि पूजन के बाद भी मन्दिरों का निर्माण नहीं होता है, जन सहयोग से मन्दिर निर्माण करवाया जाऐगा। पूजन के बाद वोटिंग प्वाइंट के समीप खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। मौके पर विहिप के नगर अध्यक्ष केशव नौटियाल, सभासद पवन शाह, दीप्ती, स्नेहा, मानसी, मनजीत, रोहित, आशुतोष, पवन पारस, अमन पारस, बंटी सूत आदि मौजूद थे।

## पीएमओ से पहुँचे उपसचिव मंगेश घिल्डियाल ने किया जोशीमठ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण

चमोली। प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव मंगेश घिल्डियाल रविवार को जोशीमठ पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोशीमठ नगर पालिका क्षेत्र में भूधंसाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने औली रोपवे से लेकर मनोहरबाग वार्ड के कुछ भाग एवं तोड़े जा रहे होटल माउंट व्यू और मालारी इन समेत भूधंसाव से प्रभावित कई घरों एवं भवनों का जायजा लिया। उप सचिव ने जेपी कालोनी में हो रहे पानी रिसाव का भी स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों से राहत कायी सहित परिसंपत्तियों की क्षति के बारे में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने भूधंसाव प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के तहत संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम बच्चों से संवाद करेंगे

रुड़की। छात्रों के तनाव को दूर करने के लिए 27 जनवरी प्रधानमंत्री छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में छात्रों, अध्यापकों, अभिभावकों और जनसाधारण की सहभागिता के लिए इससे पूर्व एक ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम समिति के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. प्रदीप त्यागी ने बताया कि 27 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के छठे संस्करण के तहत देशभर के छात्रों से संवाद कर उन्हें परीक्षा के तनाव से दूर रहने के टिप्स देंगे। प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, शिक्षको एवं अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए एक ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी प्रत्येक विधानसभा में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से लिखी पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स की दी जाएगी। जिसमें छात्रों एवं अभिभावकों के लिए महत्त्वपूर्ण मंत्र लिखे गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ 10 एवं श्रेष्ठ 25 छात्रों को भी सांसद एवं विधायक की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप त्यागी, जिला महामंत्री प्रवीण सिंधु, अरविंद गौतम, सूर्यवीर मलिक, प्रदीप पाल, प्रमोद चौधरी, गीता कार्की, सतीश सैनी, सोनू धीमान, बीएल अग्रवाल, नितिन गोयल और पंकज नंदा आदि मौजूद रहे।

## युवती ने कराया प्रेमी पर बलात्कार का केस दर्ज

रुड़की। मंगलौर के प्रेमी ने लक्सर की प्रेमिका को प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा कर दुष्कर्म किया। बाद में प्रेमिका ने शादी का दबाव डाला, तो प्रेमी ने दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग रख दी। प्रेमिका की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के एक गांव की युवती रविवार सुबह कोतवाली पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि मंगलौर कोतवाली के बुक्कनपुर निवासी युवक की उनके पड़ोस में रिश्तेदारी है। करीब ढाई साल पूर्व उसका युवक से परिचय हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच बातें शुरू हो गई। युवक ने उससे शादी करने का वादा किया। कहा कि वह जल्द ही अपने माता–पिता को इसके लिए तैयार कर लेगा। युवती ने उस पर विश्वास कर लिया। आरोप है कि इसके बाद युवक लगातार दो साल तक युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा।

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पतंजलि योगपीठ में यज्ञ का आयोजन

हरिद्वार। मकर संक्रांति के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के सभागार में विश्वकल्याण की कामना को लेकर यज्ञ का अयोजन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण ने देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। योगगुरु रामदेव ने देशवासियों से आह्वान किया कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर देश को आर्थिक गुलामी के साथ–साथ शिक्षा, चिकित्सा, वैचारिक व सांस्कृतिक गुलामी व आत्मग्लानि से बाहर निकालें। योगगुरु रामदेव ने कहा कि जल्द ही आयुर्वेद में टीबी की दवा, पहली आयुर्वेदिक एंटीबॉयोटिक तथा पहली आयुर्वेदिक एण्टी एजिंग दवा पतंजलि में बनने वाली है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश का दिन मकर संक्रांति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भले ही विभिन्न प्रांतों में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग हो लेकिन पर्व भारत को अनेकता में एकता रूपी सूत्र में पिरोता है। साध्वी देवप्रिया, ऋतम्भरा शास्त्री, महावीर, स्वामी परमार्थदेव, स्वामी आर्षदेव, राकेश कुमार, डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. वेदप्रिया आर्य, प्रवीण पुनिया, प्रदीप नैन, ती वंदना मेहता, डॉ. जयदीप आर्य, अजय आर्य आदि वरिष्ठजनों ने पतंजलि गुरुकुलम् तथा आचार्यकुलम् के बच्चों के साथ यज्ञ में भाग लिया।

## गौचर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

चमोली। उत्तरकाशी जिले में दलित युवक के साथ हुई घटना पर कांग्रेस ने युवक को न्याय दिलाने की मांग की है। रविवार को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मदन लाल टम्टा, नगर अध्यक्ष सुनील पंवार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां प्रदर्शन किया।

## बसपाइयों ने मनाया मायावती का 67वां जन्मदिन

रुड़की। रविवार को स्थानीय बसपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख मायावती का 67 वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर लक्सर विधायक हाजी शहजाद ने कहा कि बसपा हर जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्हें न्याय और सुशासन कैसे देना है, यह भी बसपा ही जानती है। उन्होंने पार्टी से जुड़े लोगों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा और अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं। तभी उन्हें उनके हक हकूक मिल सकेंगे। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटकर खुशियां मनाई।

# लालढांग में पारंपरिक तरीके से मनाया गेंदी मेला



हरिद्वार। परम्परागत और लोक संस्कृति के प्रतिक रहे लालढांग के गेंदी मेले का आयोजन कोविड की लहर के अंदेशे के चलते इस बार भी सांकेतिक रहा। सरकार के पूर्वानुमान के कारण आयोजक मंडल ने मेले का भव्य आयोजन स्थगित कर दिया है, लेकिन रीति रिवाज और परम्परा को बनाए रखते हुए रविवार को सांकेतिक गेंद खेल प्रतियोगिता खेली गई। जिसमें विजयी टीम को आयोजक मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजक मंडल के अध्यक्ष सूर्याप्रताप सिंह ने बताया कि कोविड 19 की लहर के अंदेशे के कारण इस बार भी गेंदी मेले का भव्य आयोजन नहीं किया जा सका। पिछले तीन वर्षों से कोविड के कारण गेंद प्रतियोगिता मेले का आयोजन नहीं हो पाया है। जिससे स्थानीय जनता मे निराशा भी है, लेकिन कोविड की लहर के पूर्वानुमान के चलते इस बार भी मेला स्थगित किया गया है। जबकि परम्परा और संस्कृति के प्रतीक के रूप मे खेल का आयोजन कर समापन कर दिया गया। कार्यक्रम में सचिव राकेश नेगी, उपाध्यक्ष पंकज चमोली मेला समिति के सदस्य आकाश शर्मा, कमलेश द्विवेदी, मायादार डबराल, दीपक जखमोला, मुकेश नेगी, संजय नेगी, सूरज नेगी, शुभम उपाध्याय, जसपाल नेगी शिवम नाथ रोहित नेगी दिलबर नेगी नरेंद्र गुसाईं संजय बिष्ट एवं क्षेत्र के बहुत से नौजवान उपस्थित रहे।

# मकर सक्रांति पर गंगा घाटों पर रहा श्रद्धालुओं का तांता



हरिद्वार। मकर संक्रांति स्नान पर्व के दूसरे दिन भी धर्मनगरी में हरकी पैड़ी सहित ताम गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह के समय भारी ठंड और घने कोहरे के बीच श्रद्धालु बड़ी संख्या में गंगा स्नान करने हरकी पैड़ी पहुंचे। गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान पुण्य किया।

रविवार को भी मकर संक्रांति स्नान पर्व मनाया गया। इस वर्ष मकर संक्रांति का योग दो दिन पड़ा है। रविवार को शाम 6:09 बजे तक संक्रांति योग रहा। शनिवार को तीन लाख 80 हजार श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया था। रविवार को 00 लाख 00 हजार श्रद्धालु गंगा घाटों पर स्नान करने पहुंचे। वहीं मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाता है। पं. मनोज त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति का योग दो दिन रहा। जब सूर्य भगवान मकर राशि में प्रवेश करते हैं। तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान का भी विशेष महत्व होता है। गंगा स्नान करने के बाद तिल, खिचड़ी, गर्म कंबल आदि का दान किया जाता है।

वहीं मकर संक्रांति पर पुलिस प्रशासन की सुरक्षा चाक चौबंद रही। स्नान पर्व के दौरान जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान बीडीएस, डॉग स्क्वायड के साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु पिकेंद्र, रामकुमार, संजीव, प्रदीप आदि का कहना है की मकर संक्रांति पर गंगा स्नान किया और घर में सुख समृद्धि की कामना गंगा से की।

## पहाड़ी महासभा ने धूमधाम से मनाया उत्तरायणी महोत्सव

हरिद्वार। पहाड़ी महासभा की ओर से आयोजित उत्तरायणी महोत्सव ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज परिसर स्थित ऑडिटारियम में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक गायक अमित सागर की प्रस्तुति रही। अमित सागर के चैत की चैत्वली गीत गाते ही दर्शक अपने स्थान पर खड़े होकर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखारियाल निशंक ने कहा कि अपनी संस्कृति और अपनी परंपराओं को जीवंत रखने के लिए इस प्रकार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने पहाड़ी महासभा को भी उत्तरायणी महोत्सव को कराने की शुभकामनाएं दी।

# मकर संक्रांति पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया सहभोज कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार। पथरी के फेरुपुर डिग्री कॉलेज के प्रांगण में भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड की ओर से मकर संक्रांति पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहभोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद का स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने सभा को संबोधित किया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने भाजपा की योजनाओं की विस्तार ने जानकारी दी। कहा कि आज हमें केवल भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करना है। सरकार की सभी योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास के विश्वास पर कार्य करती है। उन्होंने मकर संक्रांति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सनातन धर्म में मकर संक्रांति को बहुत महत्व दिया जाता है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है। कहा कि इसे ऋतु परिवर्तन कहा जाता है जिसके चलते मनुष्य के जीवन मे भी परिवर्तन हो जाता है। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद जिलापंचायत सदस्य किरण सिंह ने भी भाजपा की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। कार्यक्रम संचालन भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगपाल सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर भारत लाल, मुनीस पाल, प्रभारी सत्यपाल, नरेश धीमान, बबलू राणा, धर्मेंद्र चौहान, विवेक चौहान, सुभम सैनी, जितेंद्र कश्यप, रविश गोरियांन, लाखन, कुलदीप, पूर्व प्रधानचार्य सुरेंद्र, मनोज कश्यप, सुंदर लाल, तंजीम अली, गुड्डू, धनंजय, नकली राम, कुलदीप, राकेश मिस्त्री, सुनील, सोनू प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## बिजनौर का किशोर हरकी पैड़ी क्षेत्र से बरामद

हरिद्वार। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने बिजनौर के किशोर को हरकी पैड़ी क्षेत्र से बरामद किया है। किशोर को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बाल गृह में भेज दिया गया है।

सीओ ऑपरेशन निहारिका सेमवाल ने बताया कि शनिवार देर शाम एएचटीयू की एसआई किरन गुसाईं, आरक्षी राकेश, हेमलता, दीपक चंद्र गुमशुदा एवं अपहृत बालक–बालिकाओं की तलाश में थे।

## नृसिंह नवदुर्गा की पूजा कर भू–धंसाव से रक्षा की कामना की

चमोली। जोशीमठ में पिछले 6 महीनों से भू–धंसाव की स्थित बनी हुई है। अभी तक 800 के लगभग मकानों में दरारें आ चुकी हैं तो 150 से अधिक मकान रहने योग्य नहीं रह गए हैं। नगर में लगातार बढ़ रहे भू–धंवास से रक्षा के लिए स्थानीय लोगों ने जोशीमठ में नृसिंह मंदिर प्रांगण में हवन कर भगवान नृसिंह एवं नव दुर्गा से नगर की रक्षा की कामना की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने भी नगरवासियों द्वारा आयोजित हवन एवं पूजा अनुष्ठान में प्रतिभाग किया। नृसिंह प्रांगण में हवन अनुष्ठान के बाद नवदुर्गा मंदिर में पूजा कर दुर्गा के पश्वा को अवतरित कर नगर की रक्षा के उपाय पूछे गए और निर्णय हुआ कि मंगलवार 17 जनवरी को दुर्गा की पूजा एवं अनुष्ठान किया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, ऋषि सती, भुवन उनियाल, माधव सेमवाल, नैनी भंडारी, भगवती नंबूरी, जेपी भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने सिडकुल डकैती की घटना के तीन आरोपी और धरे

हरिद्वार। सिडकुल की फाइन ऑटोमेटिव कंपनी में घुसकर गार्डों के साथ मारपीट कर बंधक बनाकर डकैती करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों पर पुलिस ने दस–दस हजार रुपये का इनाम रखा था। आरोपियों ने करीब चालीस लाख रुपये के एल्यूमीनियम रेडिएटर एवं अन्य सामान लूट लिया था। मास्टर माइंड एक आरोपी के खिलाफ कोतवाली मंगलौर में हत्या एवं आर्म्स ऐक्ट में मुकदमे दर्ज हैं। बीती आठ जनवरी की रात अज्ञात सात नकाबपोश बदमाशों ने सिडकुल स्थित फाइन ऑटोमेटिव कंपनी में घुसकर गार्डों के साथ मारपीट कर बंधक बनाकर करीब चालीस लाख रुपये का एल्मुनियम रेडिएटर एवं एल्मुनियम का अन्य सामान लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जगह–जगह दबिश दे रही थी। सिडकुल थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि गुलफाम उर्फ फाना और शोएब एवं मोहसीन पुत्र निषाद निवासीगण पखनपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया है।

## कूड़ा वाहनों पर तैनात कर्मचारियों को पीपीई किट पहनना अनिवार्य

हरिद्वार। नगर निगम ने कूड़ा एकत्र करने वाली दोनों कंपनियों को लिखित दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। नगर आयुक्त ने कूड़ा वाहनों में चार कंपार्टमेंट बनाने अनिवार्य कर दिए हैं। साथ ही कूड़ा वाहनों में तैनात कर्मचारियों को पीपीई किट भी अनिवार्य कर दी है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर हरिद्वार नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में थ्री स्टार और ओडीएफ प्लस प्लस सिटी के लिए आवेदन किया हुआ है।

# विधायक ने किया सर्विस लेन निर्माण का निरीक्षण

हरिद्वार। टोल प्लाजा के पास हाईवे पर राधिका एंक्लेव की तरफ आवाजाही के लिए सर्विस लेन का कार्य शुरू हो गया। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

क्षेत्रीय जनता के द्वारा सर्विस लेन की मांग करने पर एक महीना पूर्व विधायक रवि बहादुर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर सर्विस लेन बनाने के निर्देश दिए थे। राधिका एंक्लेव और आसपास के लोगों ने विधायक को बताया था कि जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है। विधायक रवि बहादुर ने बताया कि राधिका एंक्लेव के साथ–साथ आसपास के क्षेत्र लोग आवाजाही में हाईवे का प्रयोग कर रहे हैं।

बहादराबाद से राधिका एंक्लेव जाने के लिए बहुत लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है। कई लोग तो हाईवे में उल्टी दिशा की ओर वाहनों से जाते हैं। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसी दुर्घटना से लोगों को बचाने के लिए सर्विस लेन बनाने का कार्य एनएच द्वारा करवाया जा रहा है। जल्द ही सर्विस लेन बनकर तैयार हो जाएगी जिससे लोगों की परेशानियां भी खत्म होगी। इस अवसर पर एनएच से सचिन चौधरी, प्रधान नीरज चौहान, बीडीसी सदस्य तनुज चौहान, तनवीर कुरेशी आदि उपस्थित थे।

## मायावती के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने बांटे कंबल

हरिद्वार। बसपा प्रदेश कार्यालय शिवालिकनगर में रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने पांच सौ से अधिक कंबल वितरित किए। कार्यकर्ताओं ने बसपा सुप्रीमो के स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। बसपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य बृजपाल ने कहा कि हमें बसपा सुप्रीमो पर गर्व है। जिनके कारण आज देश की तीसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी है।

## बाबा वीरभद्र सेवा आश्रम न्यास ट्रस्ट ने कन्या का धूमधाम से विवाह कराया

हरिद्वार। बाबा वीरभद्र सेवा आश्रम न्यास ट्रस्ट कांगड़ी के अध्यक्ष पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर गर्व गिरि महाराज ने एक कन्या का विवाह समारोह बड़ी धूमधाम से कराया। इस मौके पर महामण्डलेश्वर गर्व गिरि महाराज ने कहा कि मानव सेवा ईश्वर सेवा है। ट्रस्ट मानव कल्याण के कार्य लगातार करता रहता है। उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है।

सभी लोगों को अपने परिवार, ईष्ट मित्र व निर्बल वर्ग के लोगों की कन्याओं के विवाह समारोह में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। कन्या हिमांशी पुत्री अमित कुमार का विवाह वर सुनील कुमार पुत्र रामनिवास रेडडू जींद हरियाणा से सम्पन्न कराया गया। शादी समारोह में सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने प्रतिभाग कर कन्यादान कर विवाह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्वामी कृष्णानंद, कदम सिंह मलिक, अतुल कुमार नाथ, महावीर सिंह, दीपांशु त्यागी, मोनू गिरि, अभिषेक उपाध्याय, महंत लव गिरि, नकुल पाल, मोहित नोटियाल, राजेश कश्यप, सुधीर पाल, सोनिया पुरी, डॉ. स्नेहा गोतम, बालेशर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने विवाह सम्पन्न कराया।

# युवक से मारपीट कर स्कूटर लूटा

हरिद्वार। ज्वालापुर में युवती से छेड़छाड़ के बाद रात को हुआ बवाल जैसे–तैसे शांत हुआ ही था कि रविवार सुबह एक बार फिर उस वक्त बड़ा बवाल होते होते टल गया जब वाल्मीकि बस्ती में पेट्रोल पंप पर पहुंचे स्कूटर सवार युवक की दूसरे समुदाय के युवकों ने पिटाई करते हुए स्कूटर छीन लिया। आनन–फानन में पुलिस के हरकत में आने के बाद आरोपी स्कूटर छोड़कर फरार होने में कामयाब रहे। इधर, पीड़ति युवक के पिता की शिकायत पर पांच युवकों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं, देर रात हुए बवाल को लेकर भी बाजार चौकी प्रभारी सुनील रमोला की तरफ से पचास से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पीएसी–पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। शनिवार देर रात वाल्मीकि बस्ती के युवकों ने पास के ही मोहल्ला पांवधोई में लाठी डंडों से लैस होकर पहुंचकर दुकानों में तोड़फोड़ करते हुए वर्ग विशेष के लोगों की पिटाई कर दी थी। पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई थी। देखते ही देखते दुकानों के शटर गिरते चले गए थे। इधर, एकत्र हुए लोगों ने दो युवकों को पकड़कर उनकी धुनाई कर दी थी लेकिन अधिकांश हमलावर फरार होने में कामयाब रहे थे। आरोप था कि युवती से छेड़छाड़ को लेकर वाल्मीकि बस्ती के युवकों ने हमला किया था। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे माहौल संभाला था। देर रात तक दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली कैंपस में डटे रहे थे। देर रात कोई हल न निकलता देख चौकी प्रभारी सुनील रमोला की तरफ से वर्ग विशेष के लोगों की दुकानों में तोड़फोड़ कर मारपीट करने, पुलिस के कार्य में बाधा डालने समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पुलिस अभी आरोपियों को चिह्नित करने की तैयारी में ही जुटी थी कि सुबह के वक्त वाल्मीकि बस्ती में पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने पहुंचे युवक माजिद निवासी मोहल्ला पांवधोई से पांच युवकों ने घेराबंदी कर मारपीट कर दी। वह जैसे तैसे भाग निकलने में कामयाब रहा लेकिन उसका स्कूटर छीन लिया। इधर, यह जानकारी मिलने पर ज्वालापुर पुलिस के होश उड़ गए। आनन फानन में ज्वालापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो गए लेकिन पुलिस ने लूटा गया स्कूटर बरामद कर लिया।कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि युवक के पिता ताहिर की शिकायत पर पांच युवकों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, लूट समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके अलावा देर रात मोहल्ला पांवधोई में तोड़फोड़, मारपीट, पुलिस के कार्य में बाधा डालने के आरोप में पचास लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो दुकानों के शटर तोड़ लाखों का सामान चोरी

रुड़की। सुल्तानपुर में चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सूचना पर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पीड़ित ने तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है। सुल्तानपुर में चोरों के हौसले बुलंद है। आए दिन चोरी की नई–नई घटनाएं सामने आ रही है। शनिवार रात को भी बेखोफ चोरों ने हनुमान चौक स्थित नियाजुल के जनरल स्टोर का तीसरी मंजिल पर स्थित मोंटी की टीनशेड तोड़कर दुकान में घुसकर करीब एक लाख रुपये का सामान, कैमरे और डीबीआर चोरी कर लिया। दुकान स्वामी को इसकी जानकारी सुबह दुकान खोलने के समय हुई। हैरानी की बात यह है कि यह चोरी पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर की गई।

इसके अलावा बीती रात को ही सुल्तानपुर में बीएसएनएल टावर के पास स्थित नरेन्द्र कुमार गोयल की किराने की दुकान का भी शटर के ताले तोड़कर करीब पचास हजार रुपये का सामना चोरी कर लिया था। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी से चोरों की जानकारी करने में जुटी हुई है।

## यूट्यूबर्स, टिकटकर्स से डर गया पाकिस्तान, नेशनल असेंबली में एंट्री पर लगाया बैन

**इस्लामाबाद , एजेंसी ।** पाकिस्तान नेशनल असेंबली सचिवालय ने कथित तौर पर संसद भवन में यूट्यबर्स, टिकटकर्स और अन्य सोशल मीडिया से जुड़े व्यक्तियों की एंट्री पर बैन लगा दिया।यह फैसला संसदभवन में सांसदों से हुईअभद्रता के बाद लिया गया। जानकारी के मुताबिक इस मामले को बाद में प्रेस रिपोर्टर्स एसोसिएशन के साथ उठाया गया था, जिन्होंने इस घटना से खुद को अलग करते हुए अधिकारियों से प्रेस गैलरी और सदन के प्रेस लाउंज में अनधित व्यक्तियोंके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह कियाथा।

घटना को प्रेस रिपोर्टर्स एसोसिएशन के साथ साझा किए जाने के बाद संस्था ने कहा कि वह केवल अपने सदस्यों के लिए जिम्मेदार है, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया प्रभावित करने वालों के लिए नहीं। एसोसिएशन के महासचिव आसिफ बशीर चौधरी ने कहा कि वे नागरिक पत्रकारों पर किसी भी तरह के प्रतिबंध का समर्थन नहीं करते हैं। संस्था ने कहा कि पाकिस्तान के हर नागरिक को अभिव्यक्ति की आजादी है और यह सिर्फ देश के पत्रकारों पर ही लागू नहीं होता।

## सेना के जवानों ने शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया, उन्हें मेरा सलाम : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को सेना दिवस पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि सैनिकों ने आपदाओं के समय रक्षक के रूप में काम करने के अलावा हमेशा शौर्य की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, श्मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों तथा उनके परिवारों को सलाम करती हूं। फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी, 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है। मुर्मू ने ट्वीट किया, श्सेना दिवस पर, भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियों को याद करते हैं। उन्होंने हमेशा शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है तथा आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों और उनके परिवारों को सलाम करती हूं।

## जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू,(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले में मगाम के रेडबग इलाके में आतंकवादियों की मौजूद्गी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की और वहां तलाश अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तबदील हो गया जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ जारी है और अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## भ्रष्टाचार मामलों में रिटायर्ड अफसरों को न बनायें जांच अधिकारी: केंद्रीय सतर्कता आयोग

**नयी दिल्ली,(एजेंसी)।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और केंद्र सरकार के विभागों से भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शामिल नहीं करने को कहा है।

# पीएम मोदी ने सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**हैदराबाद,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम को जोडने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह दो तेलुगु भाषी राज्यों-तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को जोडने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस है.

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय पर्यटन और संसति मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और तेलंगाना सरकार के कई मंत्री व्यक्तिगत रूप से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे. इस नयी ट्रेन की नियमित सेवा 16 जनवरी को शुरू होगी और टिकट बुकिंग शनिवार से शुरू हो गई है. विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद एक्सप्रेस (20833) सुबह पांच बजकर 45 मिनट पर विशाखापत्तनम से रवाना होगी और दोपहर दो बजकर 15 मिनट पर सिकंदराबाद पहुंचेगी. सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम ट्रेन (20834) अपराह्न तीन बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी और रात 11 बजकर 30 मिनट पर विशाखापत्तनम पहुंचेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं से राजमुंद्री, विजयवाड़ा, खम्मम और वारंगल में रुकेगी. वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से भारत में निर्मित है और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है. यह यात्रियों को अपने गंतव्य पर जल्दी पहुंचाती है और इससे यात्रा करना एक सुखद अनुभव होता है. इस एक्सप्रेस में, स्वदेश में ही निर्मित कवच सुविधा भी है जो रेलगाडियों को टकराने से बचाती है़ कुल 14 वातानुकूलित कुर्सी यान और दो एक्जीक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सी यान डिब्बों से युक्त इस ट्रेन में 1,128 यात्रियों को ले जाने की क्षमता है. प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में नयी दिल्ली और वाराणसी के बीच चल रही पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी.

## प्रत्येक भारतीय को हमारी सेना पर गर्व : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेना दिवस के मौके पर भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सैनिकों ने हमेशा देश को सुरक्षित रखा है और संकट के समय सेवा के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती है. फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है.प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि सेना दिवस पर, मैं सभी सैन्यकर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं.प्रत्येक भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है और हम अपने सैनिकों के हमेशा आभारी रहेंगे़मोदी ने कहा कि उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है तथा संकट के समय सेवा के लिए उनकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

## पीएम मोदी ने पोंगल, माघ बिहू, मकर संक्रांति की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल, माघ बिहू और मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को लोगों को शुभकामनाएं दीं. मोदी ने ट्वीट किया कि माघ बिहू की शुभकामनाएं. उम्मीद करता हूं कि यह त्योहार प्रति के साथ हमारे बंधन को गहरा करेगा और खुशियां लाएगा।

## अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी की जांच शुरू, बाइडन प्रशासन से दस्तावेज तलब

**वशिंगटन ,(एजेंसी) ।** अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी का मुद्दा एक बार फिर से गरमा गया है। विदेश मामलों पर यूएस हाउस कमेटी ने इसको लेकर जांच शुरू कर दी है और बाइडन प्रशासन से अब तक के सभी दस्तावेज भी तलब किए हैं।

एक शीर्ष हाउस रिपब्लिकन और हाउस फरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककल ने अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन को एक पत्र भेजकर अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी की जानकारी मांगी है। मैककल ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अब तक दस्तावेज सौंपने से इनकार किया है, लेकिन वह अब औपचारिक रूप से पैनल के अध्यक्ष के रूप में उनके निर्देशों के अनुपालन का अनुरोध कर रहे हैं।

यूएस हाउस फरेन अफेयर्स कमेटी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान से बाइडन प्रशासन की अराजक और घातक निकासी के बाद देश फिर से आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

## भारतीय-अमेरिकी यूएस सीडीसी में सेकेंड-इन-कमांड नामित

**न्यूयर्क , (एजेंसी)।** कोविड-19 महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय-अमेरिकी डक्टर नीरव डी. शाह को यूएस सेंटर फर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (यूएस सीडीसी) में प्रधान उप निदेशक नियुक्त किया गया है। 45 साल के शाह जो मेन सेंटर फर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (मेन सीडीसी) के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं, मार्च से शुरू होने वाली अपनी नई भूमिका में यूएस सीडीसी के निदेशक रोशेल वालेंस्की को रिपोर्ट करेंगे।

उन्होंने एक बयान में कहा, नई भूमिका में मुझे न केवल मैन राज्य, बल्कि पूरे अमेरिका की सेवा करने और हमारे द्वारा यहां किए गए अच्टे काम को आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया जाएगा। मैं मैन राज्य के लोगों का ध्यान रखने के लिए धन्यवाद देता हूं, जैसा कि मैंने हमेशा उन्हें एक-दूसरे का ख्याल रखने के लिए कहा है।

एजेंसी और राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे के पुनर्निर्माण के मिशन के साथ शाह को 2019 में मैन सीडीसी में नियुक्त किया गया था।

मैन के गवर्नर जेनेट मिल्स ने एक ट्वीट में लिखा, ड शाह मेरे लिए एक विश्वसनीय सलाहकार और मैन सीडीसी के एक असाधारण नेता रहे हैं। लेकिन इससे भी अधिक, वह हमारे समय के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों में से एक के दौरान एक विश्वसनीय सलाहकार और मैन के लोगों के नेता थे।

उसने अपने बयान में कहा कि, शाह ने मैन के लोगों से शांति और सीधे बात की, जिनमें से कई डरे हुए और अनिश्चित थे और उनके सवालों का जवाब करुणा, सहानुभूति, हास्य और स्पष्टता के साथ दिया।

प्रधान उप निदेशक के रूप में शाह की नियुक्ति पिछले साल अगस्त में यूएस सीडीसी निदेशक द्वारा घोषित उस एजेंसी के एक नियोजित, व्यापक ओवरहाल के हिस्से के रूप में हुई है।

भारतीय प्रवासियों के घर जन्मे, शाह विस्कन्सिन में पले-बढ़े, और लुइसविल विश्वविद्यालय गए जहां उन्होंने मनोविज्ञान और जीव विज्ञान में पढ़ाई की।

## हम सैनिकों के अदम्य साहस, निरूस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे: खरगे

**नयी दिल्ली,(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेना दिवस के अवसर पर रविवार को कहा कि देश के लोग सैनिकों के अदम्य साहस, अत्यंत समर्पण और निरूस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी भारतीय सेना की सराहना की और कहा कि हर सैनिक बहादुरी, देशभक्ति और बलिदान की भावना से परिपूर्ण है। खरगे ने ट्वीट किया, भारतीय सेना दिवस के अवसर पर हमारे बहादुर सैनिकों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को सलाम और उनके परिवारों के प्रति आभार।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम आपके अदम्य साहस, अत्यंत समर्पण और निरूस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा आपके ा णी रहेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, पराक्रम, देशप्रेम और बलिदान-इन सबसे परिपूर्ण है हमारी सेना का हर जवान। उन्होंने देश के लिए त्याग, तपस्या और समर्पण करने वाले सभी जवानों, सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस ने ट्वीट किया, भारतीय सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के जवानों को राष्ट्र की निरूस्वार्थ सेवा करने के लिए सलाम करते हैं और उस गौरवशाली दिन को भी याद करते हैं, जब भारतीय सेना को सैन्य संचालन के नेतृत्व एवं प्रशासन के लिए के़एम़ करियप्पा के रूप में अपना पहला भारतीय कमांडर-इन-चीफ मिला था।

# भाजपा की दो दिवसीय कार्यकारिणी में तय होगी भावी रणनीति

## विधानसभा चुनाव समेत इन मुद्दों पर रहेगा खास फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल होने वाले नौ विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर तेज हुई राजनीति के बीच सोमवार से दिल्ली में भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी आयोजित होगी। बैठक के एजेंडे से स्पष्ट है कि भाजपा और बड़े जनमत के लिए कमर कसेगी। पार्टी उन विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो जनता की जरूरतों को भी पूरा करे और भावनात्मक रूप से भी जोड़े। मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पर अलग से चर्चा होगी।



गुजरात की अभूतपूर्व जीत ने पार्टी को विश्वास से लबालब कर दिया है। कार्यकारिणी की शुरूआत उसी उत्साह के साथ होगी, जब बैठक स्थल से पहले ही संसद मार्ग पर कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जाएगा।

बताया जाता है कि कार्यकर्ताओं का हुजूम होगा और ऐसे में संसद मार्ग से सभास्थल एनडीएमसी सेंटर तक प्रधानमंत्री का काफिला एक रोड शो जैसा ही होगा। दिल्ली पुलिस ने भी कुछ उसी तरह तैयारी की है और एडवाइजरी जारी की है। हालांकि, पार्टी इसे रोड शो बताने से बच रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा, संगठन और समर्पण, विश्व गुरु भारत, सुशासन सर्वप्रथम, मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, वंचितों का सशक्तिकरण, समावेशी और सशक्त भारत एवं संसति के वाहक जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

विश्व गुरु भारत विषय के तहत यह बताया जाएगा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के चलते योग को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला। रूस-यूक्रेन संकट के समय अपरेशन गंगा सफलतापूर्वक चलाया गया और न सिर्फ भारत बल्कि दूसरे देशों के बच्चों को भी निकाला गया। कोरोना के समय वैक्सीन दूसरे देशों को भी दिया गया। किस तरह भारत वैश्विक संकटों के बावजूद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बना।

सुशासन सर्वप्रथम विषय के तहत पिछले 8 वर्षों में पूर्वोत्तर में शांति की स्थापना और भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था, लाईसेंसी राज खत्म करना, ईज आफ डूइंग बिजनेस जैसे मुद्दे आएंगे तो संसति के संवाहक विषय के तहत, काशी और उज्जैन के मंदिर का जीर्णोद्धार,स्टेच्यू आफ इक्वलिटी, प्राचीन स्मृतियों के संरक्षण जैसे विषयों का प्रचार प्रसार करने को कहा जाएगा।

मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पर अलग से चर्चा का खास राजनीतिक महत्व है। तीन तलाक से आजादी का मुस्लिम महिलाओं से खुले दिल से स्वागत किया था। अलग अलग क्षेत्र में अल्पसंख्यक वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी पदाधिकारियों को जागरुक किया जाएगा। ध्यान रहे कि पिछली कार्यकारिणी बैठक में भाजपा ने पिछड़े पसमांदा मुस्लिमों की दशा सुधारने की बात कही थी। पसमांदा की बड़ी संख्या है।

तावड़े ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री समेत 35 केंद्रीय मंत्री, 12 मुख्यमंत्री, 5 उपमुख्यमंत्री समेत लगभग साढ़े तीन सौ कार्यकारिणी सदस्य मौजूद होंगे।

## कांग्रेस सांसद संतोख चौधरी को पैतृक गांव धालीवाल में दी अंतिम विदाई

**चंडीगढ़,(एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का रविवार को जालंधर जिला स्थित उनके पैतृक गांव धालीवाल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे और फिल्लौर के विधायक विक्रमजीत चौधरी ने चिता को अग्नि दी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से डीसी जसप्रीत सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में राहुल गांधी के साथ अलका लांबा, हरीश चौधरी, विधायक परगट सिंह आदि भी मौजूद थे।

दो बार सांसद रहे 76 वर्षीय चौधरी का शनिवार को पंजाब के फिल्लौर में श्भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल का दौरा पडने से निधन हो गया था।

# छोटे-बड़े सभी चुनाव पहले की तरह मतपत्रों से ही कराए जाएं : मायावती

**लखनऊ(एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (क्क्षक्क) पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रनिक वोटिंग मशीन को लेकर सवाल उठाए और मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग की।

मायावती ने मल एवेन्यू स्थित बसपा के राज्य मुख्यालय पर श्जन कल्याण दिवस के रूप में मनाये जा रहे अपने 67वें जन्मदिन के मौके पर रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में कानून व्यवस्था ठीक करने की आड़ में जो घिनौनी राजनीति हो रही है वह किसी से छिपी नहीं है।

बसपा प्रमुख ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मतपत्र से चुनाव कराये जाने के लिए पुरजोर मांग करते हुए कहा, देश में ईवीएम के जरिये चुनाव को लेकर यहां की जनता में किस्म-किस्म की आशंकाएं व्याप्त हैं और उन्हें खत्म करने के लिए बेहतर यही होगा कि अब यहां आगे छोटे-बड़े सभी चुनाव पहले की तरह मतपत्रों से ही कराए जाएं।

उन्होंने दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को एकजुट होने की अपील करते हुए कहा, मैं अपने जन्मदिन के मौके पर दलित, आदिवासियों, पिछड़े, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों को यह याद दिलाना जरूरी समझती हूं कि भारतीय संविधान के मूल निर्माता एवं कमजोर, उपेक्षित वर्ग के मसीहा बाबा साहब आंबेडकर ने जातिवादी व्यवस्था के शिकार अपने लोगों को स्वाभिमान व उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कानूनी अधिकार दिलाए हैं और उन्हें आपस में भाईचारा पैदा करके केंद्र व राजनीति की सत्ता की श्मास्टर चाबी अपने हाथों में लेनी होगी।

उल्लेखनीय है कि मायावती पहले भी ईवीएम की भूमिका को लेकर सवाल उठाती रही हैं और अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने एक बार फिर मतपत्र से चुनाव कराने की मांग पर जोर दिया है।

बसपा प्रमुख ने कांग्रेस, भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि अब तक के अनुभव यही बताते हैं कि इन जातिवादी सरकारों के चलते इन वर्गों के लोगों को संविधान में मिले उनके कानूनी अधिकारों का अब तक सही से लाभ नहीं मिल सका है।मायावती ने कहा कि खासकर आरक्षण के मामले में तो शुरू से ही यहां कांग्रेस, भाजपा व सपा सहित अन्य विरोधी पार्टियां अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व के प्रति कतई ईमानदार नहीं रही हैं। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण लागू करने के मामले में ही नहीं, बल्कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर भी इन दलों का रवैया जातिवादी व क्रूर रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया गया और एससी-एसटी के आरक्षण को निष्प्रभावी बना दिया गया। अब भाजपा भी इस मामले में कांग्रेस के पदचिह्नों पर चलते हुए घोर अनुचित कार्य कर रही है जिसके चलते उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव भी प्रभावित हुआ है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा को अति पिछड़ों का विरोधी करार देते हुए मायावती ने कहा, इतना ही नहीं सपा के नेतृत्व वाली सरकार ने यहां खासकर अति पिछड़ों को उनका पूरा हक न देकर इनके साथ छल किया है।

## बांग्लादेशी अपराधियों के गिरोह का मुखिया लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी), ।** लखनऊ पुलिस ने उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में कई डकैतियों में शामिल बांग्लादेशी अपराधियों के गिरोह के प्रमुख को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चिनहट थाना क्षेत्र से गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), पूर्व, हृदेश कुमार ने कहा कि, बांग्लादेशी नागरिक की पहचान 35 वर्षीय असलम खान के रूप में हुई है और वह लखनऊ और वाराणसी के विभिन्न हिस्सों में डकैती के कई मामलों में वांछित था। उन्होंने कहा कि, राज्य में कई अपराधों में नाम सामने आने के बाद उसके सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के लिए गंगासागर पहुंचे लाखों श्रद्धालु, 2 लोगों की मौत

**सागर आइलैंड,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के सागर आइलैंड स्थित गंगासागर में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया. अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान दो लोगों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जिनकी उम्र 70 साल के आसपास थी. एक अन्य व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हुई थी़मेला का प्रभार संभाल रहे पश्चिम बंगाल के ऊर्जा एवं खेल मंत्री अरुप बिश्वास ने बताया कि पांच जनवरी से लेकर 14 जनवरी को मंकर संक्रांति तक करीब 40 लाख श्रद्धालु गंगासागर मेला में आ चुके हैं, जिनमें से अधिकतर अपने-अपने घरों को लौट चुके हैं. उन्होंने बताया कि शनिवार को शाम छह बजकर 53 मिनट पर मकर संक्रांति का स्नान शुरू हुआ और सर्दी के बावजूद लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और कपिल मुनि आश्रम में दर्शन किए. बिश्वास के मुताबिक, स्नान 24 घंटे तक चलेगा और कई श्रद्धालुओं के रविवार को स्नान करने की संभावना है.

उन्होंने बताया कि दो श्रद्धालुओं की शनिवार को मौत हो गई, जिनकी पहचान ओडिशा के रहने वाले 72 वर्षीय प्रताप चंद्र गिरि और बिहार निवासी 73 वर्षीय बियोला देवी के तौर पर की गई है. मंत्री ने बताया कि अब तक 3,500 श्रद्धालुओं ने श्ई-स्नान सेवा का लाभ लिया है, जिसके तहत अनलाइन अर्डर करने पर व्यक्ति के घर पर गंगासागर का पवित्र जल पहुंचाया जाता है. उन्होंने बताया कि गंगासागर मेला के दौरान ई-दर्शन के माध्यम से अब तक करीब 60 लाख लोगों ने कपिल मुनी मंदिर में दर्शन किए हैं. बिश्वास ने बताया कि अमेरिका, अस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, स्पेन, रूस, यूक्रेन, न्यूजीलैंड, ब्राजील और देश के अलग-अलग हिस्सों के श्रद्धालुओं ने सागर प्रवचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया है, जिसमें अध्यात्म और शांति का संदेश दिया जाता है. उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य के सूचना एवं संसति विभाग ने मेला क्षेत्र में सात भाषाओं-बांग्ला, भोजपुरी, हिंदी, मराठी, उडिया, तमिल और तेलुगु में उद्घोषणा की व्यवस्था की है, ताकि अलग-अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत हो.

## द्रमुक ने तमिलनाडु के राज्यपाल के खिलाफ टिप्पणी करने वाले नेता को निलंबित किया

**चेन्नई (एजेंसी), ।** तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने पार्टी नेता शिवाजी ष्णमूर्ति को राज्यपाल आऱएन. आऱएन. रवि के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। पार्टी ने घोषणा की कि उसने ष्णमूर्ति को श्गैरकानूनी गतिविधियों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। कृष्णमूर्ति के अनुसार, विधानसभा में अपने भाषण के दौरान राज्यपाल स्वीत पाठ से विचलित हो गए।

## मोदी, शाह यहां 100 बार आएं तो भी कर्नाटक में भाजपा नहीं जीतेगी

**बेंगलुरु (एजेंसी), ।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एच.डी.क़ कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगर सैकड़ों बार भी कर्नाटक का दौरा कर लें, तो भी भाजपा राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। कुमारस्वामी ने एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा, लोग भाजपा से निराश हैं। उन्होंने कहा, अमित शाह की मांड्या यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। आप चाहें तो इसे लिख लें। जद (एस) मांड्या जिले की सभी सात विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है।उन्होंने कहा, प्रदेश के भाजपा नेता केवल पीएम मोदी के नाम पर चुनाव में जा रहे हैं। कांग्रेस के नेता भारत जोड़ो यात्रा का प्रचार कर रहे हैं। मगर हम कार्यक्रमों के आधार पर वोट मांग रहे हैं।कुमारस्वामी ने कहा, 2006 में जद (एस) ने 58 सीटें जीती थीं। 2008, 2013 और 2018 में पार्टी ने बड़े नेताओं की अनुपस्थिति में अकेले दम पर लड़ाई लड़ी थी।

सम्पादकीय

# देवभूमि को निगलता नशा

देवभूमि उत्तराखंड का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों नशे की गिरफ्त में है। उत्तराखंड पुलिस द्वारा नशे के कारोबार पर रोकथाम लगाने के लिए तमाम मिशन शुरू किए गए हैं लेकिन नशे के कारोबार पर कभी भी पूरी तरह से रोकथाम लग पाई हो, ऐसा कभी हुआ नहीं है। वित्तीय तौर पर सुनने में आता है कि पुलिस द्वारा नशे के तस्करों को गिरफ्तार किया गया लेकिन असलियत तो यह है कि पकड़े जाने वाले लोग मात्र छोटे-मोटे सप्लायर हैं। नए राज्य के तौर पर गठन होने के बाद उत्तराखंड में नशे की तस्करी के मामले काफी तीव्रता के साथ बड़े हैं और कई बड़े मामले अब तक खोले जा चुके हैं। हालांकि इस सब के बावजूद भी नशे की तस्करी पर लगाम नहीं कस पाई और आज भी उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर नशे की तस्करी हो रही है। उत्तराखंड को अलग राज्य के रूप में दर्जा मिलने के बाद यहां भले ही विकास की गति मंद गति से चली, लेकिन तस्करों एवं माफियाओं ने जिस प्रकार से यहां विकास किया वह इस प्रदेश का दुर्भाग्य ही रहा। आज उत्तराखंड में नशा हर जनपद के कोने-कोने में उपलब्ध है जिसमें कभी होने की वजह नियमित तौर पर नए कारोबारी सामने आ रहे हैं। उत्तराखंड पुलिस ने नशे की तस्करी को रोकने के लिए अलग से सेल बनाया है साथ ही नियमित थाना पुलिस को भी नशे के खिलाफ बड़ी मुहिम टेड़ने की तैयारी शुरू की जा चुकी है। गाहे-बगाहे नशा कारोबारी पकड़े भी जा रहे हैं लेकिन कोई ऐसी बड़ी डील अब तक सामने नहीं आई जिससे कि नशे के कारोबार पर पूरी तरह से तो नहीं लेकिन कुछ दिनों के लिए अंकुश लगा हो। उत्तराखंड में नशे के तार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल पंजाब एवं बरेली से जुड़े हुए हैं। उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में नए-नए शैक्षिक संस्थानों के खुलने के बाद नशे का कारोबार और तेजी से परवान चढ़ा है। आज उत्तराखंड में नशे का सेवन करने वालों में युवाओं की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है जो एक बड़ी चिंता का विषय है। ड्रग पेडलर्स शैक्षिक संस्थानों को अपनी टप लिस्ट में रखते हैं और इन्हीं से उनके नशे के कारोबार की सबसे अधिक खपत भी होती है। मुख्यमंत्री से लेकर उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक नशे के कारोबार को रोकने के लिए प्रयासरत देखे हैं लेकिन पुलिस के लाख प्रयासों के बावजूद भी नशे का कारोबार फल फूल रहा है। नशे की तस्करी में जब तक बड़े कारोबारियों तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचेंगे, तब तक इस बड़ी समस्या का अंत हो जाएगा, इसकी कल्पना करना भी मूर्खता होगा। बैठक में एवं सेमिनार जैसे कार्यक्रमों से ड्रग्स जैसी महामारी का अंत होना होता तो उत्तराखंड बनने के बाद उत्तराखंड राज्य से नशे का सफाया हो चुका होता। नशे के कारोबार में उत्तराखंड के चप्पे-चप्पे को जकड़ा हुआ है। कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का यह धंधा नए नए लोगों को भी भाने लगा है, यही कारण है कि जिन तस्करों के पकड़े जाने के समाचार हमें मिलते हैं वह मात्र इस बड़े समुद्र की छोटी-छोटी मछलियां हैं। असलियत तो यह है कि नशे के कारोबार से जुड़े बड़े सरगनाओं को जब तक सलाखों के पीटे नहीं भेजा जाएगा तब तक यह कारोबार थमने वाला नहीं है। युवाओं को नशे से बचाना बेहद जरूरी है और यह तभी संभव हो पाएगा जब युवा खुद इस अभिशाप से बचने का प्रयास करें साथ ही युवाओं को जागरूक करना भी सरकारी मिशन का एक अहम हिस्सा होना चाहिए।

# शरद यादवः मंडल के पितामह!

**मैं आरक्षण व मंडल राजनीति को हिंदुओं के गुलाम इतिहास की भूख का एक हिस्सा मानता हूं। मैंने शरद यादव की जात थीसिस को कभी नहीं माना। कई बार मुलायम, लालू और नीतीश कुमार आदि नेताओं से उनके हुए अनुभवों के हवाले मैं उन्हें कचोटता था। बावजूद इसके वे जातियों के लोहिया समाजवाद से इंच भर कभी टस से मस नहीं हुए। मुझे कई बार गिला हुआ कि मैंने मंडल आरक्षण लिवाने वाले वीपी सिंह और शरद यादव की राजनीति से क्या-क्या उम्मीदें (खासकर गैर कांग्रेसवाद, भ्रष्टाचार उन्मूलन) बनाई थी लेकिन हुआ क्या? और सबसे बड़ी बात जो दोनों के साथ उनके अपने लोगों ने क्या राजनीतिक धर्म निभाया? बहरहाल, शरद यादव का रोल भाजपा को सत्ता में बैठवाने का भी रहा। डा.राममनोहर लोहिया के चेहरों (चाहे तो प्रसोपा वालों को भी शामिल करें) में मधु लिमये और जर्ज फर्नांडीज ने संघ से एलर्जी में कभी चाहे जो स्टैंड लिया हो लेकिन यह भी हकीकत है कि जनता पार्टी, जनता दल, जन मोर्चा की वीपी सिंह सरकार, संयुक्त मोर्चे से लेकर फिर अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार में जर्ज फर्नांडीज और शरद यादव दो ऐसे चेहरे थे, जिनकी अगुवाई में, जिनके द्वारा लगातार एक के बाद एक चरण में स्वीकार्यता बनाए जाने से भाजपा सत्ता के शीर्ष पर पहुंची।**

**हरिशंकर व्यास**

ओह! शरद यादव नहीं रहे। मुझे तो उनसे मिलना था! कई बार सोचा लुटियन दिल्ली छोड़ कर शरदजी छतरपुर के नए घर शिफ्ट हुए हैं तो उनसे जा कर मिलना है। जीवन के उत्तरार्ध की उनकी शारीरिक-सियासी सेहत की खोज-खबर लेनी है। उनकी पत्नी रेखाजी और बेटे-बेटी से बातचीत करनी है। पर संयोग नहीं बना। तभी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि में यह ग्लानि दिल-दिमाग को छलनी कर दे रही है कि कैसे उनके सादे सहज-सरल परिवार को धैर्य बंधाऊं। कैसे शरदजी को याद करूं?

हां, शरदजी और उनका परिवार मेरी निज जिंद्गी का इसलिए हिस्सा रहे हैं क्योंकि पूरे परिवार की सहजता, सरलता मेरे और मेरे परिवार के लिए मनभावक रही। मैंने अपनी 45 साल की पत्रकारिता में लुटियन दिल्ली के जितने नेताओं और उनके परिवारों को देखा है उसमें सत्ता पवर की चकाचौंध के बीच भी शरदजी और परिवार हमेशा सहज-सरल जीवन जीने वाला लगा। शरदजी ने लोगों को बनाया। पुराने लोगों को साथ रखा। जबकि मैंने शरदजी के साथी नेताओं को बदलते देखा है। घमंडी-अहंकारी-धोखेबाज होते देखा लेकिन ऐसे अनुभवों के जख्म दबाए होने के बावजूद शरदजी सहज थे। अहंकारी या बदले की राजनीति को पास फटकने नहीं दिया!

कोई माने या न माने, लेकिन प्रत्यक्ष अनुभव, राजनीतिक दांवपेचों में रियल घुसपैठ से जाना मेरा यह सत्य है कि भारत की 75 साला राजनीति में मंडल राजनीति का फैसला शरद यादव के कारण था। वे मंडल राजनीति के पितामह थे और त्रासद जो उन्हीं के साथ मंडल राजनीति के सभी पिछड़े नेताओं ने छल किया। उनसे द्गाबाजी की।

शरद यादव का एक और ऐतिहासिक मतलब है। वे गैर कांग्रेसवाद की राजनीति के पहले नौजवान लोकसभा सांसद थे, जिनकी उपचुनाव जीत से कांग्रेस के पतन, जेपी आंदोलन, इंदिरा गांधी के सियासी पतन का सिलसिला शुरू हुआ। हां, छात्र राजनीति से 1974 के जबलपुर उपचुनाव में विपक्षा के साझा जनता उम्मीदवार के रूप में शरद यादव ने कांग्रेस के दिग्गज सेठ गोविंददास को जब चुनाव हराया था तो वह परिवर्तन की चिंगारी थी। गैर कांग्रेसवाद की राजनीति का बिगुल था। उसी के बाद तो फिर संपूर्ण क्रांति का आह्वान, इमरजेंसी और अंत में जनता पार्टी सरकार के बनने का घटनाक्रम था।

शरद यादव का दूसरा ऐतिहासिक रोल प्रधानमंत्री वीपी सिंह से मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाने का था। इसलिए वे पिछड़ों का आरक्षण करवाने के पितामह थे। यह भी नोट रखें कि मुलायम सिंह और लालू यादव दोनों शरद यादव के कारण मुख्यमंत्री बने। दोनों का राजनीतिक करियर शरद यादव के कारण था। यह अलग बात है कि दोनों ने उनका अहसान बहुत जल्द सत्ता अहंकार में भूला दिया। सत्ता नेताओं को कैसे संस्कारहीन बनाती है, अहंकारी बनाती है इसके आजाद भारत में सर्वाधिक उदाहरण मंडल राजनीति के पिछड़े नेताओं के परस्पर धोखे के हैं।

मैं आरक्षण व मंडल राजनीति को हिंदुओं के गुलाम इतिहास की भूख का एक हिस्सा मानता हूं। मैंने शरद यादव की जात थीसिस को कभी नहीं माना। कई बार मुलायम, लालू और नीतीश कुमार आदि नेताओं से उनके हुए अनुभवों के हवाले मैं उन्हें कचोटता था। बावजूद इसके वे जातियों के लोहिया समाजवाद से इंच भर कभी टस से मस नहीं हुए। मुझे कई बार गिला हुआ कि मैंने मंडल आरक्षण लिवाने वाले वीपी सिंह और शरद यादव की राजनीति से क्या-क्या उम्मीदें (खासकर गैर कांग्रेसवाद, भ्रष्टाचार उन्मूलन) बनाई थी लेकिन हुआ क्या? और सबसे बड़ी बात जो दोनों के साथ उनके अपने लोगों ने क्या राजनीतिक धर्म निभाया?

बहरहाल, शरद यादव का रोल भाजपा को सत्ता में बैठवाने का भी रहा। ड.राममनोहर लोहिया के चेहरों (चाहे तो प्रसोपा वालों को भी शामिल करें) में मधु लिमये और जर्ज फर्नांडीज ने संघ से एलर्जी में कभी चाहे जो स्टैंड लिया हो लेकिन यह भी हकीकत है कि जनता पार्टी, जनता दल, जन मोर्चा की वीपी सिंह सरकार, संयुक्त मोर्चे से लेकर फिर अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार में जर्ज फर्नांडीज और शरद यादव दो ऐसे चेहरे थे, जिनकी अगुवाई में, जिनके द्वारा लगातार एक के बाद एक चरण में स्वीकार्यता बनाए जाने से भाजपा सत्ता के शीर्ष पर पहुंची। शरद यादव, जनता पार्टी के गठन के वक्त युवा समाजवादी थे। तब मधु लिमये, जर्ज फर्नांडीज का राजनीतिक रूतबा भारी-भरकम था। इससे इतर सूझबूझ से शरद यादव ने चौधरी चरण सिंह, देवीलाल याकि लोकदल की धारा से अपना जुड़ाव बना उन्होंने जर्ज के मिशन में काम किया तो अपना स्वतंत्र सियासी वजूद भी बनाया। और ये दोनों समाजवादी भाजपा की वाजपेयी सरकार के आधार स्तंभ थे। संसद के सेंट्रल हल में वीर सावरकर



की तस्वीर लगाए जाने के पक्षधर तो वाजपेयी-आडवाणी में श्रम-विमानन-खाद्य जैसे मंत्रालय संभालते हुए।

मैं शरद यादव की राजनीति का ताउम्र अर्ब्जवर रहा। श्जनसत्ता में अनेकों बार उन पर श्गपशप लिखी। मगर वे मेरा नेचर-मेरी जाति-मेरे विचार जानते थे और सबके बावजूद सहज भरोसे का अपनापन लिए हुए। यों भी उन दिनों राजनीति पढने-लिखने वालों की थी। नेता और पत्रकार एक दूसरे से समझते थे। सत्य में जीते थे। तभी जमीनी नेताओं के साथ गपशप, उठना-बैठना सब भरपूर था। गैर-कांग्रेसवाद की राजनीति का हर उबाल मेरे लिए शरद यादव, रामविलास पासवान नीतीश कुमार, केसी त्यागी, गोविंदाचार्य, वाजपेयी, आडवाणी आदि के साथ चुनावी दौरों, राजनीतिक कवरेज के मौके लिए हुए होता था।

उस लुटियन दिल्ली को खत्म हुए बरसों हो गए हैं। भारत की राजनीति में अब न लुटियन दिल्ली है और न संस्कारवान नई दिल्ली। अब दिल्ली पण है, अहंकारी है, संकीर्ण है। इस हकीकत के बावजूद यह खबर मुझे व्यथित कर गई थी कि सात दफा लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सांसद रहे शरद यादव का लुटियन दिल्ली मकान खाली करवाया जा रहा है। इस पर न मंडलवादी नेताओं की सुध लेने की खबर मिली और न उन लोगों की संवेदना भभकी, जिनका मुख्यधारा की राजनीति से अटूतपना कभी समाजवादी शरद यादव ने खत्म कराया था।

# आंध्र प्रदेश में भाजपा तालमेल करेगी!



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति बहुत सद्भाव दिखाते हैं। वे सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री के पैर टू चुके हैं, जिसके लिए उनकी आलोचना भी हुई। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा उनके प्रति वैसा सद्भाव नहीं दिखा रही है। प्रदेश की राजनीति में वैसे भी भाजपा के नेता राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले रहते हैं लेकिन चूंकि भाजपा का कोई विधायक नहीं है इसलिए उसका असर नहीं होता है। अब कहा जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा तालमेल की तैयारी कर रही है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ कर भाजपा ने अपने को आजमा लिया है। दोनों में उसका खाता नहीं खुला।

जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा और चंद्रबाबू नायजू की पार्टी टीडीपी के बीच तालमेल हो सकता है। पिछले दिनों चंद्रबाबू नायडू की मुलाकात पवन कल्याण से हुई थी। पवन कल्याण तेलुगू फिल्मों के बड़े अभिनेता हैं और सुपर सितारे चिरंजीवी के भाई हैं। दोनों भाइयों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा रही है। पवन कल्याण ने जन सेना नाम से पार्टी बना कर चुनाव लड़ा था। कहा जा रहा है कि चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के बीच तालमेल होगा और फिर दोनों का तालमेल भाजपा के साथ होगा। पिछले दिनों अमित शाह के हैदराबाद दौरे में उनकी मुलाकात जूनियर एनटीआर से हुई थी। इससे लगा था कि भाजपा फिल्मी सितारों के सहारे राजनीति करेगी। ध्यान रहे जूनियर एनटीआर भी चंद्रबाबू नायडू के परिवार से ही जुड़े हैं। बहरहाल, जो हो इस बार भाजपा आंध्र प्रदेश में अकेले नहीं लड़ेगी।

# जटिल समस्या, कठिन समाधान

**उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद खबर है कि कर्णप्रयाग में भी कई मकानों में दरार आ गई है। जोशीमठ में उन इमारतों को गिरा देने का फैसला किया जा चुका है, जिनमें दरारें आ गई हैं। हिमालय में बसे इस कस्बे से दर्जनों परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। किसी को अचानक अपने घर से वंचित हो जाने की भरपाई संभव नहीं है। कुल सूरत यह है कि यह समस्या कहीं अधिक गंभीर और व्यापक है। विशेषज्ञों ने कहा है कि जोशीमठ की ढलानें भूस्खलन से निकले मलबे से बनी हैं। लिहाजा कस्बा एक हद तक ही इमारतों का वजन सहन कर सकता है।**

लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा।

उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद खबर है कि कर्णप्रयाग में भी कई मकानों में दरार आ गई है। जोशीमठ में उन इमारतों को गिरा देने का फैसला किया जा चुका है, जिनमें दरारें आ गई हैं। हिमालय में बसे इस कस्बे से दर्जनों परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। किसी को अचानक अपने घर से वंचित हो जाने की भरपाई संभव नहीं है। कुल सूरत यह है कि यह समस्या कहीं अधिक गंभीर और व्यापक है। विशेषज्ञों ने कहा है कि जोशीमठ की ढलानें भूस्खलन से निकले मलबे से बनी हैं। लिहाजा कस्बा एक हद तक ही इमारतों का वजन सहन कर सकता है। पिछले साल मई में ही एक घर के नीचे से पानी बहने की आवाज सुनी गई थी। सितंबर में घर के फर्श में छोटी सी दरार देखी। दिसंबर में यह चौड़ी हो गई और बाशिंदों घर खाली करना





पड़ा। यही कहानी सैकड़ों और घरों की भी है। पिछले कुछ समय से इन मकानों में दरारें आनी शुरू हो गईं। करीब 700 घरों में दरारें पाई गईं, जिसके बाद 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

प्रशासन के मुताबिक कई इमारतों को रहने के लिए असुरक्षित पाया गया है। आम चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया है कि यह स्थिति विकास परियोजनाओं के कारण इकलघ्जी को पहुंचे नुकसान का परिणाम है। जिन कंपनियों की परियोजनाएं इस इलाके में सक्रिय हैं, उनमें सरकारी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी भी शामिल है। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का कहना है कि उसके द्वारा बनाई जा रहीं सुरंगें और अन्य प्रजेक्ट जोशीमठ के संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बावजूद पर्यावरणवादी कार्यकर्ता ऐसी परियोजनाओं को खलनायक के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा। देखना होगा कि आखिर क्या एहतियाती उपाय हो सकते हैं, जिनसे परियोजनाएं अपेक्षात अधिक सुरक्षित साबित हों।

# बिना दवाइयों के भी दूर किया जा सकता हैं दांतों का दर्द, आजमाए ये 10 घरेलू उपाय

दांत हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो भोजन को सही तरीके से चबाने का काम करते हैं। लेकिन दांतों को ठीक से ब्रश न करना या नियमित समय अंतराल में सोने से पहले मीठा खाना और मुंह को न धोना जैसी साधारण गलतियों की वजह से दांतों को नुकसान पहुंचता हैं। दांतों में आई किसी भी प्रकार की समस्या दिखने में आम होती हैं, लेकिन इसके दीर्घगामी परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। मसूड़ों में सूजन, दांतों में कमजोरी और सडन जैसी कई समस्याओं के कारण दांतों में दर्द हो सकता है। दांत में उठा दर्द बढने पर बहुत तकलीफदायक हो सकता हैं। लेकिन जरूरी नहीं हैं कि दांतों का दर्द दूर करने के लिए दवाइयों का सेवन किया जाए। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से बिना दवाइयों के भी दांतों का दर्द दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में..

**नमक पानी के गरारे** दांतों के दर्द को दूर करने के लिए नमक पानी के गरारे को बहुत ही असरदार घरेलू उपाय माना जाता रहा है। गुनगुने पानी में नमक मिलाकर उससे कुल्ला करने से दांतों के दर्द से टुटकारा पाया जा सकता है। नमक का पानी प्रातिक रूप से कीटाणुनाश-ाक होता है जो दांतों के बीच फंसे खाद्य अवशेषों को निकालने और उसके कारण होने वाले दर्द को कम करने में काफी मदद्गार हो सकता है। नमक के पानी से कुल्ला करने से मसूड़ों के सूजन के कारण होने वाले दर्द में भी राहत मिलती है।

**आइस पैक का ठंडा सेंक** अगर आपका चेहरा सूज गया है, तो पहले 24-36 घंटों के लिए अपने गाल पर आइस पैक लगाएं। यह दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। अगर आपके दांत का कोई हिस्सा टूट गया है या ढीला हो गया है, तो आपके मसूड़ों में सूजन के साथ तेज दर्द हो सकता है। सूजन का मतलब यह भी हो सकता है कि आपके दांत की जड़ों में फोड़ा, मवाद या गंद्गी हो। **लौंग का तेल** दांत में दर्द होने पर लौंग काफी असरदायक मानी गई है। यह घरेलू इलाज है, जो कई लोग करते हैं। दांत के दर्द को कम करने के लिए या सूजन को हटाने के लिए लौंग का तेल रुई में डुबाकर इसे जहां दर्द या सूजन हो वहां रखें, आपको कुछ ही देर में आराम मिल जाएगा। लौंग के तेल में एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो बैक्टीरिया को दूर करने में कारगर हैं।

**लहसुन** लहसुन आसानी से घरों में उपलब्ध होता है। लहसुन में मौजूद एलिसिन मुंह के अंदर बैक्टीरिया को खत्म करने में कारगर होता है। बैक्टीरिया के कारण मुंह में कैविटी का खतरा बढ़ जाता है और दातों में तेज दर्द हो सकता है। दर्द होने पर लहसुन की एक कली लेकर दांत में दबा लें उससे राहत मिल सकती है।

**सरसों का तेल** सरसों का तेल लगभग हर घर में खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। दांत दर्द में राहत पाने के लिए लंबे समय से इसका इस्तेमाल होता आया है। इसके लिए तेल में चुटकी भर नमक मिक्स कर मसूढ़ों की मालिश करने से दांतों के दर्द से राहत पाई जा सकती है। **अमरूद के पत्ते** अमरूद एक ऐसा फल है जिसे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। साथ ही इसकी पत्तियां भी गुणों से भरपूर होती हैं। दांत दर्द में अमरूद की ताजी पत्तियां चबाने से दर्द में आराम मिल सकता है। **नींबू** नींबू को स्वाद और सेहत दोनों के लिए खूब इस्तेमाल किया जाता है। ये विटामिन सी से भरपूर होता है और दांत दर्द में राहत पहुंचा सकता है। इसके लिए आपको दांत के दर्द वाली जगह पर नींबू का एक टुकड़ा लगाना है, इससे दर्द कम किया जा सकता है। **नीम** नीम को उसके एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है। यह दांतों की सडन के साथ प्लाक को भी दूर करती है। आज भी ऐसे कई लोग हैं जो नीम से बनी दातुन का इस्तेमाल करते हैं। आप नीम के तेल को दांतों की सडन से छुटकारा पाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, साथ ही नीम की दातुन से दांतों को साफ भी किया जा सकता है।

# मुद्दा : समझना होगा मानवीयता का मर्म

**रोहित कौशिक**

हाल ही में सोनीपत जीटी रोड पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में मारे गए दो लोगों के शवों को लगातार वाहनों द्वारा रौंदने की घटनाएं सामने आई हैं।

इन शवों को पूरी रात रेज रफ्तार वाहन कुचलते रहे। इससे पहले दिल्ली में 20 साल की युवती अंजली को एक कार के नीचे घसीटते हुए कई किलोमीटर तक ले जाया गया था। पिछले कुछ समय से हादसों के बाद शवों को कुचलने या इधर-उधर दें कने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ तो हम प्रगतिशील एवं सभ्य होने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी तरफ शर्मसार मानवीयता हमारे सभ्य होने पर प्रश्निचह्न लगाती है। इस दौर में हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि दो मिनट रु ककर न कुछ देखना चाहते हैं, न सुनना चाहते हैं और न कुछ सोचना ही चाहते हैं। आज जिंद्गी की इस रफ्तार ने हमारी संवेदनशीलता को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। हम शवों को रौंदकर आगे निकल जाते हैं और पीटे रह जाती है कुछ सवाल छोड़ती हुई हमारी इंसानियत। वही इंसानियत जिस पर हम बार-बार गर्व करते हैं। वही इंसानियत जिसे बचाने के लिए बड़े-बड़े कथा पंडालों में बड़े-बड़े संत उपदेश देते हैं और हम इन संतों को नमन करते हुए उनके आगे हाथ जोड़कर अपना सिर झुका लेते हैं, लेकिन व्यावहारिक जिंद्गी में जब ऐसी शर्मनाक घटनाओं के कारण हमारा सिर शर्म से झुकता है तो इंसानियत से हमारा भरोसा उठने लगता है।

दरअसल, बड़ी-बड़ी गाडियों में चलने वाला पढ़ा-लिखा तबका स्वयं को सभ्य मानता है और और समय-समय पर अपनी इस सभ्यता पर गर्व भी करता रहता है। सवाल यह है कि क्या सभ्यता पढ़े-लिखे वर्ग की ही बपौती है? क्या अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा मनुष्य सभ्य नहीं हो सकता? वास्तविकता तो यह है कि अनपढ़ मनुष्य भी सभ्य हो सकता है। सभ्यता सीधे हमारी संवेदनशीलता से जुड़ी है। एक अनपढ़ मनुष्य, पढ़े-लिखे मनुष्य से ज्यादा संवेदनशील हो सकता है। एक समय में हमारे ज्यादातर पूर्वज अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे थे, लेकिन वे ज्यादा संवेदनशील थे।





दरअसल, इस दौर में पढ़ा-लिखा तबका स्वार्थी हो गया है। इसीलिए वह सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते हुए ठहरकर कुछ देखना या सोचना नहीं चाहता। हम सब इतनी हड़बड़ी में हैं कि सड़क पर पड़े हुए शव को देखते हुए भी अनदेखा कर उसे रौंदते हुए चले जाते हैं। जब हमारी सम्यता के साथ स्वार्थ जुड़ जाता है तो हमारी संवेदनशीलता गायब होने लगती है। ऐसी स्थिति में अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा तबका ही ज्यादा विश्वसनीय साबित होता है। सवाल यह है कि इस स्वार्थ के वशीभूत होकर हम कैसा समाज बना रहे हैं? हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जाने-अनजाने हम जिस स्वार्थ और संवेदनहीनता का चक्रव्यूह रच रहे हैं, एक दिन उसी चक्रव्यूह में हम भी फंस सकते हैं। शवों को रौंदना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इसका जिम्मेदार भी कोई और नहीं, बल्कि हम ही हैं। दरअसल, सरकार द्वारा बार-बार यह दावा किया जाता है कि पहले की अपेक्षा सड़कों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

हाईवे के संदर्भ में सरकार के इस दावे में सच्चाई भी है। इसके अतिरिक्त सड़कों पर चलने के लिए अच्छा-खासा टोल टैक्स भी वसूला जा रहा है। जिस हिसाब से मोटा टोल टैक्स वसूला जा रहा है, क्या उसी

**मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के पांच फीसद राजमागरे पर 60 प्रतिशत मौतें होती हैं। यह दुर्घटनाएं सड़कों की खराब स्थिति, सड़कों के उचित रखरखाव में कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन सहित कई कारणों की वजह से हाती हैं। तेज गति से वाहन चलाने से बड़ी संख्या में दुघटनाएं होती हैं। सभी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से 56 प्रतिशत ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं।**

हिसाब से सड़कों पर लोगों को सुविधाएं भी मिल पा रही हैं? श्भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी कभी-कभी हाईवे पर घूमते हुए जरूर दिखाई दे जाते हैं। सवाल यह है कि भीषण दुर्घटनाओं के समय ये कर्मचारी कहां रहते हैं? अजीब विरोधाभास है कि सरकार ज्यों-ज्यों सड़कों पर सुविधाएं बढ़ाने दावा करती है, त्यों-त्यों सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है।

गौरतलब है कि मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के पांच फीसद राजमागरे पर 60 प्रतिशत मौतें होती हैं। यह दुर्घटनाएं सड़कों की खराब स्थिति, सड़कों के उचित रखरखाव में कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन सहित कई कारणों की वजह से हाती हैं। तेज गति से वाहन चलाने से बड़ी संख्या में दुघटनाएं होती हैं। सभी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से 56 प्रतिशत ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं। दरअसल, जब से सड़कों विशेषतरू राष्ट्रीय राजमागरे की स्थिति में सुधार हुआ है, तब से सड़कों पर वाहनों की गति भी बढ़ गई है। कई राजमागरे पर गति नियंत्रित करने के लिए मीटर लगाए गए हैं और गति की सीमा भी लिखी गई है।

इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क हादसों के लिए खराब प्रोजेक्ट रिपोर्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा था कि डीपीआर तैयार करने वाली कंपनियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है। बहरहाल, सरकार को सड़कों पर और ज्यादा सुविधाएं प्रदान करनी होंगी तो दूसरी ओर जनता को भी ऐसे मसले पर संवेदनशील बनना होगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया टनकपुर में बनने वाले अन्तरराज्यीय बस अड्डे की भूमि का निरीक्षण

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जनपद भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को टनकपुर में बनने वाले आइएसबीटी टर्मिनल की भूमि का निरीक्षण किया। परिवहन निगम की 106 बीघा भूमि पर 56 करोड़ की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भूमि का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चम्पावत को आईएसबीटी के खूबसूरत तरीके से निर्माण कराए जाने और उसमे श्रद्धालुओं और यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान डीपीआर और नक्शे को विस्तार से देखते हुए जिलाधिकारी से आवश्यक जानकारी ली।



इस दौरान अवगत कराया गया कि आई एस बी टी के निर्माण हेतु पेयजल निर्माण निगम ने डीपीआर तैयार कर ली है। इसके लिए शासन ने करीब 56 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। टनकपुर बस स्टेशन से लंबी दूरी की बसों के अलावा पर्वतीय मार्गो पर भी बसे संचालित होती है। जिलाधिकारी ने बताया कि बस टर्मिनल बनने पर यहां करीब 200 बसें एक साथ खड़ी हो सकेंगी। वहीं स्टेशन में हाईटेक शौचालय व भवनों का भी निर्माण किया जाएगा। यात्रियों की हर सुविधा ध्यान में रखते हुए इस नये बस स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। दो बड़े एसी हाल के साथ कैटीन व दुकानें भी खोली जाएगी। वही मुख्य बाजार व रेलवे क्रासिंग के पास बस स्टेशन की करीब तीन बीघा जमीन में अंडर ग्राउंड पार्किंग व ऊपर मॉल बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा डिपो की आय काफी अधिक मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारी से कहा कि बजट का ठीक तरह से उपयोग हो। बस टर्मिनल में अधिक से अधिक सुविधाएं हों,बच्चों के मनोरंजन के साथ ही विभिन्न सुविधाएं यहां पर हो इसके लिए इसकी डिजाइन अच्छे आर्किटेक्ट से तैयार किए जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि शारदा घाट पर बेहतर व्यवस्था की जाय। अधिक से अधिक श्रद्धालु यहॉ आएं, जिससे लोगों को रोजगार मिले और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले।



# गरीबों को बांटे गरम कंबल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय खटीमा दौरे के दौरान आज टनकपुर से शाम को तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते गरीबों को तहसील में गरम कंबल बांटे। साथ ही प्रशासन से उनके लिए रात्रि में रुकने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा।



## 215 ग्राम चरस के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

विकासनगर। थाना सहसपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के दौरान एक आरोपी को 215 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी सभावाला भरत सिंह रावत के नेतृत्व में शनिवार रात को गश्त पर थी। तभी धर्मावाला क्षेत्र में एक संदिग्ध पुलिस की टीम को नजर आया। उसे दबोच कर पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली। तलाशी में आरोपी शाहरुख पुत्र इरशाद निवासी रामपुर थाना सहसपुर के पास से पुलिस ने चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस की टीम में कांस्टेबल मधुसूदन व भारतवीर शामिल रहे।

## गूगल से लिया कस्टमर केयर का नंबर, साइबर ठगों ने लगाया 4.27 लाख रुपये का चूना

देहरादून। गूगल सर्च इंजन पर मिले नंबर को कस्टमर केयर का नंबर समझना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर नाम से वह नंबर डाला था। आरोपियों ने पीड़ित को 4.27 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर राजपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया गया।

थानाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामचंद शर्मा निवासी फ्रेंड कॉलोनी, कैनाल रोड ने तहरीर दी। कहा कि उन्हें टाटा प्ले कस्टमर केयर का नंबर चाहिए। उन्होंने गूगल पर इसके लिए सर्च किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने कुष्ठ आश्रम पहुंचकर उत्तरायणी/ घुघुतिया त्यौहार/मकर सक्रांति पर्व मनाया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कुष्ठ आश्रम पहुंचकर उत्तरायणी/घुघुतिया त्यौहार/मकर सक्रांति पर्व मनाया। उन्होंने भगवान सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश करने की सभी को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान सूर्य हम सभी पर कृपा करें, सभी के जीवन में अनन्त खुशियां, ऊष्मा, ऊर्जा, उमंग लाए। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। सबके बीच आकर बेहद खुशी हो रही है। इस दिन से अच्छे दिन की शुरूआत होती है। आपके बीच आकर स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं। भगवान सूर्य देव से प्रार्थना



करते हैं की हमारे जीवन की कमियों को दूर करें। भगवान सूर्य हमें ऊर्जा, ऊष्मा, उत्साह एवं प्रकाश देते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि समाज के अन्तिम पंक्ति तक सरकार, शासन, प्रशासन पहुँचें और पात्रों को योजनाओं का लाभ मिले। मलिन बस्तियों, अन्तिम छोर के व्यक्तियों के लिए योजनाएं चलाई गई हैं।

# आप ने किया अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार

विकासनगर। आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सम्मेलन में पार्टी संगठन को मजबूत करने और लोक सभा, निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की गई। इसके साथ ही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। सेलाकुई में रविवार को आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी आजाद अली ने कहा आम आदमी पार्टी देश के विकास के साथ ही हर वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। कहा कि देश में विकास के लिए सांप्रदायिक एकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सामने सुशासन का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। आम आदमी पार्टी



की रीति नीति का ही नतीजा है कि पार्टी को अल्पसमय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल हुआ। देश भर के सभी राज्यों में आम आदमी पार्टी के समर्थक हैं। कहा कि अगले पांच साल में पार्टी पूरे देश में अपना जनाधार बनाकर हर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देगी। इसके साथ ही केंद्र की सत्ता पर भी आप काबिज होगी। कहा कि केंद्र आप की सरकार बनते ही पूरे देश में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन व्यवस्था लागू होगी। सम्मेलन में कार्यकारिणी विस्तार के तहत सरताज अंसारी, आदिल खान, गुलफाम, मौ. जमील, अरशद, रमजान, नासिर, आरिफ और शाहरुख को विधान सभा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## एएनएम संघ अध्यक्ष को कई जिलों से समर्थन

देहरादून। एएनएम संघ में चल रहे विवाद के बाद संघ की प्रांतीय अध्यक्ष गुड्डी मटूडा के समर्थन में कई जिलों की पदाधिकारी आ गई है। उन्होंने प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा कार्रवाई को उचित ठहराया है। देहरादून शाखा की जिलाध्यक्ष भागीरथी जोशी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि नौ जनवरी को कई जिलों की जिलाध्यक्षों ने संघ के नियमों का उलंघन किया, जिसकी दून शाखा निंदा करती है। वहीं प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा छह साल के लिए इनके निलंबन का स्वागत किया है। उधर, टिहरी जिले की संयोजक वर्षा रानी एवं सह संयोजक प्रमिला भट्ट ने प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णय को ठीक बताया और कहा कि यदि निष्कासित महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाया तो इनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बांध टॉप से आवागमन एक घंटा और बढ़े: विधायक उपाध्याय

नई टिहरी। विधायक ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह की घोषणा के अनुरुप टिहरी बांध टॉप से वाहनों के आवागमन की अवधि एक घंटा बढ़ाये जाने को लेकर डीएम की बात कही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को बांध टॉप से 24 घंटे आवागमन हेतु वह टीएचडीसी और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

बीते 28 दिसंबर को टिहरी आये केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बांध टॉप से वाहनों की आवागमन की अवधि एक घंटा (सांय सात बजे तक) बढ़ाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक बांध टॉप से एक घंटा अतिरिक्त वाहनों के आवागमन की अनुमति नहीं मिल पाई है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की घोषणा के अनुरुप टिहरी बांध से आवागमन की अवधि एक घंटा जल्द बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने डीएम से मामले में जल्द उचित कार्यवाही करने को कहा है। विधायक ने बताया कि उन्होंने डीएम को पत्र भेजकर जल्द टीएचडीसी और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ बैठक बुलाने को कहा है।

उन्होंने बताया बैठक में उक्त अधिकारियों से स्थानीय लोगों को पहचान पत्र दिखाकर 24 घंटे बांध टॉप से आवागमन हेतु बातचीत की जाएगी। बताया शादी समारोह के साथ आवश्यक कार्यों से आवागमन करने वालों को अक्सर देर रात हो जाती है,लिहाजा उन्हें बांध टॉप से 24 घंटे आवागमन करने की अनुमित मिलनी चाहिए।

## केंद्र और राज्य सरकार जोशीमठ मामले में कर रही तेजी से कामः अजेंद्र

चमोली। बदरीकेदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि जोशीमठ मामले में केंद्र और राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। अजय ने कहा कि जोशीमठ भूधंसाव के लिए दर्जन भर एजेंसियां सर्वे रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। रविवार को एक बातचीत में अजेंद्र अजय ने कहा कि केंद्र सरकार ने जोशीमठ मामले पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई की है। यही नहीं गृहमंत्री अमित शाह ने बैठक कर अधिकारियों को उचित निर्देश दिए हैं।

# संगम तट पर 2 हजार दीपों के साथ मनाया दीपोत्सव

नई टिहरी। मकर संक्रांति के मौके पर देवप्रयाग में अलकनंदा भागीरथी संगम व भगवान राम की तपस्थली रामकुंड में श्रद्धालुओं ने पर्व स्नान कर पुण्य कमाया। इस बार नेपाल सहित विदेशी श्रद्धालुओं का जमघट संगम पर लगा रहा।

भद्रकाली, ढालवाला से देवडोली गंगा स्नान को विशेष रूप से यहां पहुंची। तीर्थनगरी देवप्रयाग में मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव मनाते हुए संगम स्थल को दो हजार दियो से सजाया गया। इस्कान से जुड़े विदेशी भक्तों ने यहां हरे राम–हरे कृष्ण की धुन पर नृत्य किये। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के छात्र–छात्रों ने स्वस्ति वाचन व गंगा स्त्रोत से पूजन करवाया। तीर्थ पुरोहितों, साधु संतो, विदेशी भक्तों ने यहां भव्य गंगा आरती की गयी। नगर पालिका, राजकीय महाविद्यालय ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। पर्यटन विभाग की ओर से प्राचीन रघुनाथ मंदिर को रंग बिरंगी फ्लैश लाइट से मनमोहक रूप भी दिया गया था। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल, परिसर निदेशक प्रो. एम चन्द्रशेखर, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, गंगा सेवा समिति अध्यक्ष माधव मेवाड गुरु, भाजपा मंडलाध्यक्ष अशोक तिवारी, गोविंद सेठ, डॉ. बी एस रावत, दिनेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पटवारी भर्ती घपला को लेकर सरकार पर साधा निशाना

रुद्रप्रयाग। पटवारी भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस जखोली ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी का कहना है कि उत्तराखंड सरकार की सारी कोशिशों को दरकिनार करते हुए आठ जनवरी को लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में आयोग के कर्मचारी संजीव चतुर्वेदी को भले ही एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जो युवा इस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए थे, उनका भविष्य अधर में लटक गया है।

## जोशीमठ में होटलों को तोड़ने का काम जारी

चमोली। भू धंसाव की जद में आए होटल मलारी इन एवं माउन्ट व्यू को तोड़ने की कार्यवाही चौथे दिन भी जारी रही। चार दिन बाद भी अभी तक इन दोनों होटलों की सबसे ऊपरी मंजिल नहीं तोड़ी जा सकी है। चौथे दिन जहां ध्वस्तीकरण कर रही टीम ने मलारी इन का ऊपरी माले की दीवार तोड़ने के बाद उसके कालम तोड़ने शुरू कर दिए हैं तो वहीं होटल माउन्ट व्यू के छत में सिमेन्ट से बनाये बड़े–बड़े पानी के टैंक व छत पर चारों ओर सीमेन्ट की बनाई गई रेलिंग को ही टीम चौथे दिन तोड़ पायी है। वहीं इन दोनों होटलों को ध्वस्तीकरण करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे को थाने के सामने से माउन्ट व्यू होटल के निकट तक पिछले 4 दिनों से बंद कर रखा है।

# गोष्ठी में यातायात नियमों का पालन करने का लिया सभी ने संकल्प

विकासनगर। सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत विकासनगर पुलिस चौकी में आयोजित गोष्ठी में यातायात नियमों का पालन करने का सभी ने संकल्प लिया। इस मौके पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सभी नागरिक जिम्मेदार की भूमिका निभायें। तभी दुर्घटनाओं पर रोक लग सकेगी। विकासनगर बाजार चौकी में आयोजित गोष्ठी में सड़क सुरक्षा को लेकर विचार व्यक्त किये गये। इस दौरान आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गयी। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने कहा कि हर नागरिक यदि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन ईमानदारी से कर अपने आप जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका निभायें तो इससे हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है। कहा कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करते हुए दुपहिया वाहनों में हेलमेट का प्रयोग, दुपहिया वाहनों में ट्रिपल राइडिंग से बचना, बाइक स्टंट, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग आदि से बचने का सभी प्रयास करे तो सड़क दुर्घटनायें अपने आप ही रुक जायेंगी। आमजन को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक आई ऐप की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि नो पार्किंग जोन में वाहनों की पार्किंग न की जाय। नोपार्किंग जोन में वाहनों की पार्किंग से जाम की समस्या होने के साथ ही दुर्घटनायें घटित होती है। इसलिए नो पार्किंग जोन में वाहनो की पार्किंग न की जाय। कहा कि नोपार्किंग जोन में अनावश्यक वाहन पार्किंग की शिकायत उक्त ऐप के माध्यम से भी कर सकते हैं। इस मौके पर व्यापारी, वाहन चालक, स्थानीय नागरिक गोष्ठी में मौजूद रहे। इस मौके पर एसएसआई भुवन चंद पुजारी, चौकी प्रभारी किशन देवरानी ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

## गो सेवा समिति सेलाकुई ने बिहार के शिक्षामंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया

विकासनगर। गो सेवा परमो धर्म समिति सेलाकुई ने बिहार के शिक्षामंत्री के खिलाफ सेलाकुई बाजार में प्रदर्शनकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री को पुतला दहन किया।

# पीएम मोदी का जनता से सीधा संवाद, जनता कर रही बेहद पसंद : मीता सिंह

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लक्ष्मणपुर खेड़ा में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के स्थानीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ और स्कूल में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राओं की शत प्रतिशत मौजूदगी सुनश्चित किए जाने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से सीधा संवाद करने की परिपाटी शुरू की है, उसे जनता भी



बेहद पसंद कर रही है। जनता को लगता है कि उनका प्रधानमंत्री उनसे सीधा जुड़कर हाल चाल जानता है। इससे जनता में सरकार के प्रति विश्वास गहरा होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जनता से सीधा जुड़ाव के कारण ही पूरे देश का आम आदमी यह मान रहा है कि केंद्र में जनता की सरकार है। कहा कि परीक्षा पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री छात्र–छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाकर उन्हें तनाव मुक्त माहौल में परीक्षा देने के लिए प्रेरित करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 27 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा का कार्यक्रम होगा, जबकि 29 जनवरी को प्रधानमंत्री मन की बात करेंगे। दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के साथ ही कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी यह मानकर करनी हैं एक माह बाद चुनाव हो रहे हैं। अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी करने पर ही प्रत्येक बूथ से 51 प्रतिशत मत प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद कश्यप ने किया। इस दौरान संतोष रावत, मंडल अध्यक्ष गौरव चावला, दिनेश कौशिक, योगेश त्यागी, आशा सक्सैना, रचिता ठाकुर, पीयुष गुप्ता, जयंती पटवाल, किरण चंद, कृष्णा तोमर, धीरेंद्र पटवाल, हरीश कंडवाल आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की घंटाकर्ण मंदिर में पूजा–अर्चना

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर के गजा डांडा स्थित घंटाकर्ण मंदिर में मकर संक्रांति पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना घंटाकर्ण देवता का आशीर्वाद लिया। देवता अपने पश्वा कुलवीर सजवाण और दीपक बिजल्वाण पर अवतरित हुए। श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। घंटाकर्ण मंदिर में प्रत्येक माह की संक्रांति पर पूजा, अर्चना, हवन और भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन होता है।

## लोक सेवा आयोग और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुलता फूंका

नई टिहरी। सत्यमेव जयते संगठन से जुड़े छात्रों ने पटवारी और लेखपाल परीक्षा का पेपर लीक किये जाने के विरोध में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग तथा प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुये पुलता दहन किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं का सरकार और सरकार की एजेंसी से भरोसा उठ गया है। रविवार को सत्यमेव जयते संगठन के छात्रों ने हनुमान चौक पर पटवारी और लेखपाल परीक्षा का पेपर लीक किये जाने पर भारी रोष जताया। पीजी कॉलेज नई टिहरी के छात्र संघ अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा कि प्रदेश सरकार का सबसे भरोसे मंद लोक सेवा आयोग से जब पटवारी परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है, तो ऐसे में प्रदेश के युवा किस पर भरोसा करें। कहा यह प्रदेश के युवाओं के साथ बड़ा धोखा है। कहा प्रदेश सरकार सरकारी नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह करने में लगा है।

# स्पेन के बाद अब इंग्लैंड को हराने के इरादे से उतरेगा भारत



राउरकेला, स्पेन पर दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिये आत्मविश्वास से भरी होगी।

भारत ने नये बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2–0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी।पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रमक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किये गोल से बढ़त बनायी और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया।कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे। हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किये हैं।

रीड ने कहा, पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाये रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिये इसी चीज की जरूरत होती है। हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे।

अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में।

भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

हाल के वर्षों में लगभग प्रत्येक टूर्नामेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपायी करना चाहेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है।

भारतीय खिलाडियों को साथ ही सतर्क रहना होगा कि उन्हें रैफरी कोई कार्ड नहीं दिखा दे क्योंकि उन्हें स्पेन के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में अभिषेक के बिना ही खेलना पड़ा था जिन्हें फाउल के लिये पीला कार्ड दिखाया गया था।

इंग्लैंड के खिलाफ जीत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा। मेजबान टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहना चाहेगी और ग्रुप की निचली रैंकिंग की टीम वेल्स के खिलाफ निश्चित रूप से दबदबा बनाये रखेगी। इंग्लैंड विश्व रैंकिंग में भारत से एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर है लेकिन दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में बीते वर्षों में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। पिछले साल दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मैच खेले थे। राष्ट्रमंडल खेलों में दोनों के बीच मैच 4–4 से ड्रा रहा था। एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण में मैच 3–3 से ड्रा रहा और इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने 4–3 से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2002 में 11 गोल से शीर्ष स्कोरर रहे निक बांडुराक ने वेल्स के खिलाफ गोल किया और बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करने वाले फिल रोपर भी शानदार रहे। इंग्लैंड ने तीन मैदानी गोल किये जिसमें से तीसरा निकोस पार्क ने दागा। लियाम एंसेल ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किये।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिये सात मैचों के दौरे पर



बेंगलुरू, भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जायेगी जिसमें दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं।

सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी।

सविता ने कहा, हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिये हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं।भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और साथ ही हम जिस विभाग में पिछड़ रहे हैं, उसे भी हम पता कर पायेंगे। बेंगलुरू में दो हफ्ते के शिविर के बाद हम इस दौर के लिये अच्छी तरह तैयार हैं।

सविता की अगुआई में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। लिये अच्छे साल के बाद आत्मविश्वास से भरी हैं और हम अच्छे प्रदर्शन से सत्र की शुरूआत करना चाहते हैं।

# कमिंस के लिये भारत श्रृंखला कड़ी परीक्षा होगी: बॉर्डर



मेलबर्न , आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर एलेन बॉर्डर पैट कमिंस की कप्तानी से काफी प्रभावित हैं लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला उनके लिये असली कड़ी परीक्षा होगी।आस्ट्रेलिया नौ फरवरी से जामथा में टेस्ट से श्रृंखला शुरू करेगा और उसकी निगाहें 19 साल में पहली बार भारत में श्रृंखला अपने नाम करने पर लगी होंगी।बॉर्डर ने कहा, उनके (कमिंस) और टीम के लिये यह श्रृंखला कड़ी परीक्षा होगी।एशेज 2021 से पहले टिम पेन के अचानक इस्तीफे से इस आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी और टीम तब से शानदार प्रदर्शन कर रही है।कमिंस की कप्तानी में टीम ने एशेज श्रृंखला 4–0 से जीतने के बद पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल की। फिर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर श्रृंखला 1–1 से ड्रा करायी।इन नतीजों से आस्ट्रेलिया अपने पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार है। भारत के खिलाफ श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप कैलेंडर की अंतिम श्रृंखला होगी जिसके बाद टीम एशेज में इंग्लैंड के सामने होगी जिसमें उसकी निगाहें प्रतिद्वंद्वी टीम की सरजमीं पर 2001 के बाद पहली इसे अपने नाम करने पर लगी होंगी।बॉर्डर ने कहा, अगले 12 महीने इस टीम के लिये असली परीक्षा होंगे और विशेषकर पैट की कप्तानी के लिये क्योंकि भारत के खिलाफ श्रृंखला आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिये अंतिम (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा कैलेंडर में) होगी।

## भारतीय टीम के साथ समय समाप्त, अब विदेश में मौकों की तलाशः मुरली विजय

नईदिल्ली, भारतीय टेस्ट ओपनर मुरली विजय ने कहा है कि उनका भारतीय टीम के साथ समय समाप्त हो चुका है और इस समय वह विदेश में खेलने के मौके तलाश रहे हैं। विजय ने आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व 2018 पर्थ टेस्ट में किया था और तमिलनाडु के लिए उनकी आखिरी प्रथम श्रेणी उपस्थिति दिसम्बर 2019 में रणजी ट्रॉफी मैच में थी। विजय ने कहा, मेरा बीसीसीआई के साथ समय पूरा हो गया है और मैं अब विदेश में मौके ढूंढ रहा हूं। मैं कुछ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना चाहता हूं।भारत के लिए विजय ने 61 टेस्टों में 38.29 के औसत से 3982 रन बनाये हैं जिसमें 12 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं।

वह 2014 के इंग्लैंड टेस्ट दौरे के शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने 17 वनडे और नौ टी20 खेले जिसमें क्रमशः 339 और 169 रन बनाये। विजय ने 30 पार करने के बाद खिलाडियों के प्रति लोगों की सोच पर भी हैरानी जताई।

# महिला आईपीएल टीमों के लिए आठ आईपीएल फ्रैंचाइजियों ने दिखाई रूचि




नईदिल्ली, आईपीएल की 10 फ्रैंचाइजी में से आठ ने महिला आईपीएल के लिए रूचि दिखाई है। महिला आईपीएल टीमों का स्वामित्व पाने के लिए ये फ्रैंचाइजी बोली लगाने वालों की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि इसमें से सिर्फ पांच को सफलता मिलेगी, जिसका ऐलान बीसीसीआई 25 जनवरी को करेगा।

इन टीमों में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रैंचाइजी शामिल हैं। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति का पता नहीं चल पाया है।

इन आठ आईपीएल टीमों के अलावा अन्य भी महिला आईपीएल टीम के लिए टेंडर खरीद सकते हैं, जो तीन जनवरी से बिकना शुरू हुआ था। महिला आईपीएल टीमों के लिए बीसीसीआई ने 10 शहरों की सूची जारी की है, जिसमें से पांच शहरों का चयन होगा। महिला आईपीएल टीमों की बोली के लिए कोई आधार मूल्य नहीं रखा गया है।

हालांकि वहीं कंपनियां या फर्म बोली लगा सकते हैं, जिनका 31 मार्च 2022 तक ऑडिट मूल्य कम से कम 1000 करोड़ हो। यह बोली 10 सालों (2023 से 2032) के लिए मान्य होगी। बोर्ड की सहायता करने वाली कानूनी फर्म आर्गस पार्टनर्स के साथ बीसीसीआई बोलियों का मूल्यांकन करेगा।

अपनी बोली जमा करने से पहले सभी बोलीदाताओं को 23 जनवरी तक पात्रता डॉक्यूमेंट भी अलग से जमा करने होंगे। जानकारी के आधार पर पहले तीन सीजन (2023–25) में 22–22 मैच होंगे। महिला आईपीएल के लीग चरण में प्रत्येक टीम एक–दूसरे से दो–दो बार (कुल 20 मैच) खेलेगी और तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।

लीग में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल खेलने वाली दूसरी टीम बनने के लिए एलिमिनेटर खेलेंगी।

## फिल्मी सफर

# शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस में जलवा बिखेरती दिखीं जाह्नवी कपूर




बॉलीवड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फिगर और फैशन स्टैटमेंट्स से फैंस को हैरान करना कभी नहीं भूलती हैं। ग्लैमर की दुनिया में एक्ट्रेस ने इन कदर अपना दबदबा बनाया हुआ है कि लोग उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं जिसमें वो बोल्डनेस का तडक़ा लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। मिली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों ना सिर्फ अपने लुक्स से बल्कि एक्टिंग से भी फैंस का दिल बखूबी जीत रही हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट के दौरान की कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का हॉट लुक्स देख कर फैंस एक बार फिर से उनके कातिलाना अंदाज पर अपना दिल हार गए हैं। अभिनेत्री ने इन तस्वीरों में यैलो और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। ओपन वेवी हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी टाउन की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिसे पैपराजी अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं।

## यामी गौतम ने मधुबाला का किरदार निभाने को लेकर जाहिर की इच्छा



अभिनेत्री यामी गौतम धर ने मधुबाला की बायोपिक में काम करने की इच्छा जाहिर की है। यह पूछे जाने पर कि वह किसकी बायोपिक करना चाहेंगी, यामी ने कहा, सबसे खूबसूरत मधुबाला जी होंगी। मुझे पता है कि कुछ फिल्मों की घोषणा की जा रही है, लेकिन इसका उन घोषणाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने मेकअप रूम में ऐसा कहा है, क्योंकि मैं रात में उनके गाने देखा करती थी। इसलिए रात में, मेरी आज तक यह आदत है, या तो कुछ पुराने गाने या कुछ पुराने इंटरव्यू देखने की। काश, उन अभिनेताओं में से एक अभी भी जीवित होता। अभी बहुत कुछ देखना बाकी था और काश वह होती आज यहां हूं, क्योंकि वह मेरी सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी के पास अन्य अघोषित परियोजनाओं में चोर निकल के भागा, ओएमजी2 और धूम धाम जैसी परियोजनाएं हैं।

# केजीएफ के निर्माता ने शेयर किया चैप्टर 3 का अपडेट, बनेंगे कुल पांच सीक्वल




होम्बले फिल्म्स के मालिक विजय किरागंदूर ने सुपरहिट केजीएफ सीरीज के अगले भाग केजीएफ चैप्टर 3 के बारे में जानकारी साझा की है। निर्माता विजय किरागंदुर ने कहा है कि केजीएफ चैप्टर 3 प्रोजेक्ट 2025 में शुरू होगा और 2026 के बाद ही रिलीज होगा।

सीक्वल के लिए प्री–प्रोडक्शन का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि विजय किरागंदूर ने कहा है कि जिस तरह जेम्स बॉन्ड की फिल्मों में अलग हीरो होते हैं, उसी तरह केजीएफ सीक्वल में भी अलग हीरो होंगे। उन्होंने कहा, केजीएफ सीरीज के पांच सीक्वल होंगे, हीरो बदलते रहेंगे।

सूत्र बताते हैं कि फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील फिलहाल सलार में व्यस्त हैं और वह बाद में अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगे। इसके बाद ही केजीएफ चैप्टर 3 पर काम शुरू होगा। सूत्र यह भी बताते हैं कि केजीएफ चैप्टर 2 और सलार के बीच एक कनेक्शन है।

# प्रभास और दीपिका–स्टारर प्रोजेक्ट के निर्माताओं ने फैंस की बढ़ाई उत्सुकता



प्रोजेक्ट के के निर्माताओं ने बहुचर्चित फिल्म के एक के बाद एक रहस्यपूर्ण पोस्टर जारी करके फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में, दीपिका पादुकोण के जन्मदिन के अवसर पर, निर्माताओं ने फिल्म से उनके पहले लुक का खुलासा किया, जिसने तुरंत इंटरनेट पर तहलका मचा दिया।

इस मंत्रमुग्ध करने वाले पोस्टर में टैगलाइनः ए होप इन द डार्क के साथ डूबते सूरज की छाया में दीपिका की झलक दिखाई गई थी। इससे पहले, निर्माताओं ने प्रभास और अमिताभ बच्चन के पात्रों के सारगर्भित पोस्टर का अनावरण किया। उदाहरण के लिए, प्रभास के पोस्टर में कैप्शन में लिखा था, हीरो पैदा नहीं होते, वे उठते हैं।

बिग बी के पोस्टर में विजयी मुी का रूपांकन भी मौजूद था, जिसमें लिखा था,लीजेंड आर इम्मोर्टल।प्रत्येक पोस्टर ने नाग अश्विन के निर्देशन के बारे में पूरी जानकारी दिए बिना अपनी कहानी बताई। निर्माताओं द्वारा चुना गया न्यूनतम ध्ष्टिकोण काफी अनूठा और दिलचस्प है। प्रोजेक्ट के नाग अश्विन की विज्ञान–फाई फिल्म है जिसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी ने अभिनय किया है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगू में एक साथ की जा रही है।

# श्रद्धा कपूर के नाम एक और बायोपिक, बनेंगी रुखसाना कौसर



लम्बे समय से सिनेमाई परदे से दूर रही अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे पहली बार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। लव रंजन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म काफी लम्बे समय से चर्चाओं में है। कुछ दिन पूर्व ही लव रंजन ने इस फिल्म का शीर्षक जारी किया था। तू झूठी मैं मक्कार के अतिरिक्त श्रद्धा कपूर की चर्चा सिने गलियारों में एक और फिल्म को लेकर हो रही है। यह एक बायोपिक है जिसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रद्धा कपूर के करियर में यह दूसरी बायोपिक होने जा रही है। इससे पहले वे हसीना पार्कर के रूप में दर्शकों के सामने आ चुकी हैं। श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म में कश्मीर की बहादुर लडक़ी रुखसाना कौसर की भूमिका निभाएंगी। वर्ष 2009 में रुखसाना ने लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी अबू ओसामा को कुल्हाड़ी से मार डाला था। इसके बाद फायरिंग करते हुए उन्होंने अन्य आतंकियों को भी खदेड़ दिया था।इस घटना के बाद रुखसाना को लोग एक मिसाल मानने लगे। उनकी बहादुरी का किस्सा चर्चित हुआ। इस वीरता के लिए रुखसाना और उनके भाई को 2010 में कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। रुखसाना रानी झांसी पुरस्कार से भी सम्मानित की गई हैं। वर्तमान में रुखसाना राजौरी में पुलिस कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। अब रुखसाना की इसी कहानी को परदे पर उतारने की तैयारी की जा रही है।हालांकि अभी तक फिल्म को लेकर कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है और न ही इसके प्रदर्शन के बारे में कोई जानकारी दी गई है। बात करें श्रद्धा कपूर के वर्क फ्रंट की तो पुरस्कार विजेता अभिनेत्री, श्रद्धा कपूर, अगली बार बहुप्रतीक्षित तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी, जो 8 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338